तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



तेलीपारा की सड़क धंसी

तेलीपारा मेन रोड में बुधवार को सड़क धँस गई। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन मरम्मत नहीं की गई। नागरिकों ने यहां लाल झंडा लगाकर लोगों को बचने की सलाह दी है।

खबर संक्षेप

छग पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला- शाखा की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष एसके गोयल के आधिपत्य में 10 अक्टूबर शनिवार को शाम 4 बजे बृहस्पति बाजार गार्डन में होगी। बैठक में बैंक में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, माह जनवरी 2026 से लंबित 2 प्रतिशत डीए एवं कार्यालय भवन पर चर्चा का कार्यक्रम रखा गया है। सभी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया।

नवरात्रि के पूर्व दो स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा

बिलासपुर। नवरात्रि पर्व के अवसर पर रेल प्रशासन ने पहले दो स्पेशल ट्रेन की घोषणा कर दी है। गुरुवार को एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन इतवारी से शालीमार के बीच तीन-तीन फेरे के लिए चलाने नोटिफिकेशन जारी किया गया है। ट्रेन संख्या 08861 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से शालीमार पूजा स्पेशल 15 से 29 अक्टूबर तक प्रति गुरुवार को और 08862 शालीमार-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पूजा स्पेशल 16 से 30 अक्टूबर तक प्रति शुक्रवार को चलाई जाएगी। इतवारी से ट्रेन 17.10 बजे रवाना होने के बाद डोंगरगढ़ 20.08 बजे और बिलासपुर 00.35 बजे, शालीमार से ट्रेन 18.00 बजे रवाना होकर बिलासपुर 7.25 बजे और डोंगरगढ़ 12.04 बजे पहुंचने के बाद इतवारी 15.35 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में दो जनरल कोच, चार स्लीपर कोच, 10 थर्ड एसी, एक सेकेंड एसी सहित 20 कोच की सुविधा होगी।

मंत्री ने सीजीएमएससी के अधिकारी और ठेकेदारों को दी अंतिम चेतावनी

कैंसर अस्पताल बना रहे या हड़प्पा की खोदाई कर रहे हो, 25 दिसंबर तक काम खत्म करो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवीन सिम्स मेडिकल कालेज की भूमि व कैंसर अस्पताल का निरीक्षण

सिम्स मेडिकल कालेज की नवीन बिल्डिंग के स्थल निरीक्षण पर पहुंचें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निर्माणधीन कैंसर अस्पताल में अधूरा काम देख नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यहां कैंसर अस्पताल बनाया जा रहा है या हड़प्पा की खोदाई की जा रही है। जिस काम को 2024 में खत्म होना था, वहीं इस साल भी पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में मंत्री ने सीजीएमएससी के अधिकारी व ठेकेदार को 25 दिसंबर तक काम पूरा करने के निर्देश दिए है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को बिलासपुर मेडिकल हब कोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान 11 मंजिल के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निरीक्षण कर स्पाइन सर्जरी के मरीजों से मुलाकात की और प्रस्तावित नवीन मेडिकल कालेज का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने 1470 करोड़ रूपए में नवीन मेडिकल कालेज और अस्पताल के साथ ही नर्सिंग व फिजियो कालेज के लिए जमीनों का चिन्हांकन किया। इस दौरान कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। आजादी के बाद जिले में यह पहला अवसर है जब ढाई सालों के भीतर इतने बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य परियोजनाओं पर काम हो रहा है। इसके बाद उन्होंने निर्माणधीन कैंसर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जहां कार्य की प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों से कहा कि यह अस्पताल बनाया जा रहा है या हड़प्पा की खोदाई हो रही है। साल 2021 में स्वीकृत अस्पताल 2024 तक बनाया जाना था लेकिन 2 साल बाद भी निर्माण अधूरा है। उन्होंने कहा कि 14 करोड़ रूपए अतिरिक्त दिया जा चुका है जिसके बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने सीजीएमएसी के अधिकारी व ठेकेदार को फटकारते हुए कहा कि अस्पताल का निर्माण हर हाल में 25 दिसंबर तक खत्म हो जाना चाहिए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, भूतपूर्व स्वास्थ्य मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और सीजीएमएससी अधिकारी मौजूद रहे।



नवीन मेडिकल कालेज-एक नजर में

1470 करोड़ रुपये से सिम्स नवीन मेडिकल कालेज बनाया जाएगा। जो पूरी तरह से इंटीग्रेटेड कैंपस होगा। जी प्लस 6 बिल्डिंग में आधुनिक कॉलेज में प्रतिवर्ष 150 एमबीबीएस स्टूडेंट का प्रवेश हो सकेगा, जिसमें 100 पीजी स्टूडेंट शामिल होंगें। जी प्लस 10 बिल्डिंग में 800 बेट का अस्पताल तैयार किया जाएगा, जहां बर्न व ट्रामा यूनिट बनाए जाएंगें। गर्ल्स और बॉयस के लिए जी प्लस 14 मांजिल के हास्टल बनाएं जाएंगे, जिसमें 1700 बेड होंगें,यह बिलासपुर की सबसे बड़ी बिल्डिंग होगी। 450 बेड के पीजी हास्टल साथ ही 1200 लोगों की क्षमता के आडोटोरियम का निर्माण किया जाएगा। मेडिकल कैंपस के लिए 10 एकड़ वन विभाग व 1 एकड़ राजस्व विभाग की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जमीन के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

पुराने अस्पताल का होगा जीर्णोद्धार, 5 करोड़ की स्वीकृति

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक ली गई । मेडिकल कालेज के सिलवर जुबली समारोह के लिए रजत स्तंभ निर्माण व एयर कंडिश्नर ऑडिटोरियम निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस दौरान मरीजों की सुविधाओं और चिकित्सा शिक्षा की अधोसंरचना हेतु महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। नवीन काउंसिल कक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में पांच करोड़ रुपये के नवीनीकरण कार्यों का अनुमोदन किया गया। विभिन्न वार्डों के लिए 200 नए सेमी फाउलर आयरन बेड तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 500 केवीए क्षमता के तीन डीजी सेट खरीदने की स्वीकृति मिल गई है। पेडिंग वार्ड, बर्न वार्ड के निर्माण कार्य के लिए वित्त देने की बात कही गई है। साथ ही सेंट्रल एसी एवं वीआरवी सिस्टम, एसीपी कार्य, तृतीय तल पर शेड निर्माण, स्किल लैब में डक्टिंग, मॉर्चुरी भवन में अतिरिक्त कक्ष जैसे कार्य स्वीकृत किए गए है। बैठक में सिम्स डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, चिकित्सा सचिव अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा रितेश कुमार अग्रवाल, आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं संजीव झा और स्वशासी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

पीपीपी माडल से मरीजों को मिलेगी आधुनिक सुविधा : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का कहना है कि सुपर स्पेशलिटी व कैंसर हास्पिटल को पीपीपी मोड पर दिया जा सकता है, इसमें मरीजों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।



क्या सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल को पीपीपी मॉडल में देने की तैयारी है ?

सुपर स्पेशलिटी और कैंसर हास्पिटल को पीपीपी मोड पर दिया जा सकता है, इसके लिए जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज का उदाहरण रखा गया है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। इसमें भी मरीजों को सिम्स और जिला अस्पताल जैसी सुविधा मिलेगी। 800 बेड में से 20 फीसदी का हिस्सा पीपीपी मॉडल पर होगा और 80 फीसदी स्वास्थ्य विभाग रखेगा। यह आम जनता के लिए सफल व्यवस्था है।

सिम्स में नेत्र रोग विभाग के एचओडी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप है ?

जब भी इस तरह की शिकायत स्वास्थ्य विभाग तक आती है, तो इसकी जांच की जाती है। मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है, किसी को भी प्रताड़ित करने वालों को बचाया नहीं गया है। इससे पहले भी सिम्स में ऐसी बात सामने आई थी, जिसपर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर और सिम्स प्रबंधन निश्चित तौर पर ऐसे मामलों के लिए कार्रवाई करेंगे।

5 नवीन मेडिकल कालेजों में प्रोफेसर व स्टॉफ नहीं है, भर्ती कब तक होगी ?

सभी मेडिकल कालेजों में संविदा तौर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। जांजगीर हमारा नजदीकी जिला है, जनजाति बहुल इलाका है। हमारे पास योग्य डाक्टरों की कमी रही है, सिम्स के डाक्टरों को वहां भेजने का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था में सुधार है। भविष्य में भी सिम्स में डाक्टरों की कमी नहीं होने दी जाएगी।

सिम्स की बिल्डिंग पुरानी हो चुकी है, बिजली बंद होते ही अंधेरा छा जाता है। व्यवस्था कैसे सुधरेगी।

सिम्स की नवीन बिल्डिंग के लिए प्रक्रिया तेज की जा चुकी है। पुरानी बिल्डिंग के लिए वर्तमान में 5 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं, इससे सुधार होगा। यहां 5 हजार किलोवाट का जनरेटर लगाया जाएगा, बैठक में इस पर जोर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट का खेल काफी लंबे समय से चल रहा है, यह कब समाप्त होगा ?

स्वास्थ्य विभाग लोगों से जुटा विभाग है, ऐसे में सभी अटैचमेंट खत्म नहीं किए जा सकते है। स्वास्थ्य कर्मचारी व अधिकारियों को रात में कभी भी, कहीं भी नौकरी पर जाना पड़ता है। ऐसे में अटैचमेंट करना ही होगा। आवश्यक होने पर ही अटैचमेंट किया गया है।

पीएचसी और सीएससी में लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है ?

पीएचसी व सीएचसी में लोगों को इलाज मिलना चाहिए। अगर मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है तो ऐसे मामलों में कार्रवाई जरूर की जाएगी। जहां गड़बड़ी चल रही है, उसे देख लिया जाएगा। हम स्वास्थ्य विभाग के है, पहले सिंगल डोज से ठीक किया जाएगा, जो कर्मचारी अधिकारी नहीं ठीक होगा, उसे डबल डोज दिया जाएगा।



बिना पहचान पत्र के यात्रियों को परोस रहे थे भोजन, किया गया जुर्माना



बिलासपुर। रेल मंडल के कामर्शियल विभाग ने स्टेशन में आने-जाने वाले ट्रेनों के पेंट्रीकार की जांच की, जिसमें बिना पहचान पत्र के पेंट्री कर्मचारी यात्रियों को भोजन परोस रहे थे। विभाग ने जांच करने के बाद पेंट्रीकार संचालकों पर जुर्माना भी किया है।

रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के साथ एसईसीआर जोन एवं बिलासपुर, रायपुर व नागपुर डिवीजन को ट्रेनों के पेंट्रीकार की जांच करने का सख्त आदेश दिया है। इस आदेश के तहत मुख्य रूप से साफ-सफाई, बेस किचन से चढ़ने वाले भोजन, नाश्ते के अलावा कर्मचारियों के सारे दस्तावेज को चेक किया जाना है, ताकि लंबी दूरी के यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस आदेश के बाद बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनों की औचक जांच बिलासपुर मंडल के कामर्शियल विभाग के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह की टीम ने की। इस दौरान पेंट्रीकार कर्मचारियों की लापरवाही पकड़ी गई। अधिकांश कर्मचारियों ने यूनिफार्म नहीं पहना था और कई ने दस्ताना और टोपी भी नहीं लगाया था। मेडिकल सर्टिफिकेट के अलावा कई कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं मिले। इसपर विभाग की ओर से 35 से अधिक कर्मचारियों पर बिना टिकिट का अपराध दर्ज कर उनके खिलाफ जुर्माना किया गया। बिलासपुर आने वाली ट्रेनों में मुख्य रूप से नई दिल्ली से बिलासपुर पहुंची 12442 राजधानी एक्सप्रेस, कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर की ओर जाने वाली 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस के अलावा पुणे से बिलासपुर आकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस के पेंट्रीकार की जांच हुई। अचानक कामर्शियल विभाग की टीम को देखकर पेंट्रीकार मैनेजर और कर्मचारी हड़बड़ा गए।

सफाई के बाद कर्मचारियों के दस्तावेज की जांच में मेडिकल सर्टिफिकेट, पुलिस वेरिफिकेशन नहीं दिखाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि बिलासपुर डिवीजन के सभी प्रमुख स्टेशनों पर टीम को जांच करने का आदेश दिया गया है, ताकि यात्रियों को खानपान की दिक्कत न हो सके।

वैवाहिक परिचय सम्मेलन भाग लेने पंजीयन 30 तक

बिलासपुर। अभा कसौधन वैश्य गुप्ता महासभा ट्रस्ट की गत दिनों बैठक हुई। बैठक में 20 दिसंबर रविवार को होने वाले सर्व वैश्य पांचवें वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। रमेश गुप्ता को सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक बनाया गया, इस अवसर पर संजोग वैवाहिक पत्रिका का भी विमोचन मुख्य अतिथि से कराने का निर्णय लिया गया। रमेश गुप्ता ने बताया कि सर्व वैश्य समाज के बीच वैवाहिक रिश्ते हेतु विवाह योग्य युवक युवतियों एवम परिजनों को समकक्ष वैश्य समुदाय के बीच विकल्प के विस्तार होने के साथ ही विधवा, विधुर, तलाकशुदा, मांगलिक एवम अधिक आयु के अविवाहित लोगो के लिए यह आयोजन रखा जाएगा ।

एसईसीएल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का समापन

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा 2026 का समापन समारोह गुरुवार को मुख्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। समारोह में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास मुख्य अतिथि रहे। निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन विशिष्ट अतिथि रहे।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधि और मुख्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन/जनसंपर्क/राजभाषा) मनीष कुमार श्रीवास्तव ने दिया। पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों से



लेकर विद्यार्थियों तक के लिए विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। हिंदी भाषी और हिंदीतर भाषी कर्मियों के लिए अलग-अलग वर्गों में पांच प्रतियोगिताएँ हुईं। हिंदी निबंध लेखन, हिंदी पत्र व टिप्पण लेखन, चित्र आधारित हिंदी कहानी लेखन, हिंदी व्याकरण ज्ञान तथा विभागाध्यक्षों के लिए हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता। दोनों वर्गों के लिए संयुक्त रूप से हिंदी आशुलिपि, कंप्यूटर आधारित हिंदी टंकण, हिंदी भाषण, हिंदी काव्य पाठ और हिंदी अंताक्षरी प्रतियोगिताएँ हुईं। गृहणियों के लिए निबंध लेखन और ठेका कामगारों के लिए हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता भी कराई गई। डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए तीन वर्गों में हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता हुई। शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए हिंदी साहित्य प्रतियोगिता हुई। अंध-मूक बधिर शाला, तिफरा के बच्चों के लिए हिंदी भाषण एवं हिंदी चित्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। समारोह में सभी स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में स्व. शंकर दयाल सिंह स्मृति राजभाषा शील्ड में तकनीकी वर्ग में सामग्री प्रबंधन विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्पादन विभाग द्वितीय और योजना-परियोजना विभाग तृतीय, गैर-तकनीकी वर्ग में प्रशासन विभाग और औद्योगिक संबंध विभाग संयुक्त रूप से प्रथम रहे।

मध्य नगरीय दुर्गा पूजाः स्थल सजावट देखने शहर उमड़ पड़ता था

बिलासपुर। मध्य नगरीय दुर्गा लक्ष्मी समिति के 50 साल पूरा होने पर इस बार समिति के द्वारा भव्य पंडाल पार्वती मां के रूप में आकर्षक प्रतिमा के स्थापना की तैयारी की जा रही है। समिति के अध्यक्ष विजय वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक जिपाड़ी, समिति प्रमुख अमित राय ने बताया कि मध्य नगरीय दुर्गा पूजा की स्थापना सन 1976 में स्व. गजानन सुठालिया, स्व. महेन्द्र प्रताप सिंह, स्व. जनार्दन शर्मा द्वारा की गई थी। युवा 20 साल से इस दुर्गा पूजा को संभाल रहे हैं। इस साल माताजी का विवाह दर्शाया जा रहा है। इस दुर्गा पूजा में पिछले साल माता की मेहंदी थी।

इस साल मां दुर्गा एवं शिव जी के विवाह को दर्शाया जा रहा है। इस संदर्भ में 12 तारीख को माता रानी का आगमन होगा। मध्य नगरी चौक दुर्गा पूजा, इस पूरे पंडाल को तैयार करने के लिए कोलकाता के कारीगर एक महीने से लगे हुए हैं और इस वर्ष हमारे समिति के अध्यक्ष विजय वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी हैं, जिन्होंने पूजा को भव्य रूप देने का बीड़ा उठाया है। विजय वर्मा ने बताया कि इस साल इस पंडाल में शिवजी एवं माता जी का विवाह का थीम बनाया जा रहा है।

30 से 40 हजार श्रद्धालुओं को हर दिन बांटी जाएगी मिठाई

विजय वर्मा, अमित राय, अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि इस बार 50वीं वर्षगांठ पर इस साल भंडारे का भी आयोजन रखा गया है जिसमें 30 से 40 हजार लोगों के लिए तीन से चार प्रकार की मिठाई प्रतिदिन बनेगी एवं माता रानी की पोशाक विशेष तौर पर सूरत और अहमदाबाद की डिजाइनर द्वारा तैयार कराई जा रही है। इस बार आगमन में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ में 51 फिट की जो चुनरी माता जी के लिए तैयार की गई है विशेष कार्य में द्वारा अपने हाथ से निर्मित परिधानों का इस बार डिजाइनिंग किया है और मध्य नगरी दुर्गा उत्सव समिति की जो विशाल पांडाल व्यवस्था इस बार रखी गई है। आज से 50 साल पहले बिलासपुर में मध्य नगरी चौक में दुर्गा पूजा पर आकर्षक झांकी को देखने के लिए पूरा शहर एवं आसपास के ग्रामीण जन उमड़ पड़ते थे। स्थल सजावट में अनेकों बार मध्य नगरी चौक दुर्गा पूजा समिति को प्रथम पुरस्कार मिला। शहर में दुर्गा पूजा में पांडाल में स्थल सजावट की शुरुआत इसी पूजा समिति ने की थी। धीरे-धीरे दुर्गा पूजा का स्वरूप बदलता गया और विसर्जन में झांकी निकालने लगी।





50 वां वर्ष



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

10 अक्टूबर को दुनिया भर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (World Mental Health Day) मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और इसके साथ जुड़े सामाजिक कलंक (Stigma) को दूर करना है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम "Lived Experiences Heard: Real Voices, Real Change" (अनुभवों को सुनना: वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव) है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026: एक विशेष लेख आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health) हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है। काम का दबाव, परिवार की उम्मीदें और व्यक्तिगत चिंताएं अक्सर इंसान को अंदर से कमजोर कर देती हैं। लोग शारीरिक बीमारी पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन मानसिक तनाव या पीड़ा को छुपा लेते हैं।

इस वर्ष की थीम का महत्व : वर्ष 2026 की थीम हमें यह सिखाती है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का सामना कर चुके लोगों के अनुभवों को सुनना कितना जरूरी है। जब हम बिना किसी डर या भेदभाव के उनकी बातें सुनते हैं, तभी समाज में एक सकारात्मक और वास्तविक बदलाव आ सकता है।

हरमन की बात सुनी जानी चाहिए : जिस तरह शरीर अस्वस्थ होने पर हम डॉक्टर के पास जाते हैं, उसी तरह भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य भी समय पर पेशेवर देखभाल का हक़दार है।

जो बच्चा कभी स्कूल जाने के लिए उत्साहित रहता था, अब सोमवार की सुबह से घबराने लगा है। एक किशोर घंटों बंद कमरे में अकेला रहता है।एक विद्यार्थी को उत्तर आते हैं, फिर भी परीक्षा हॉल में उसका मन जैसे थम जाता है। शादी से कुछ हफ़्ते पहले एक युवा जोड़ा मन ही मन सोचता है कि क्या वे सच में एक-दूसरे को समझते हैं। एक वयस्क रात भर जागकर वही चिंताएँ बार-बार दोहराता रहता है। ये कहानियाँ असामान्य नहीं हैं।ये हमारे आसपास के घरों में हर दिन घट रही हैं, अक्सर बिना कहे। बदलती दुनिया, बढ़ता दबाव आज के बच्चे और युवा कड़ी शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा, लगातार तुलना और ऊँची अपेक्षाओं के बीच बड़े हो रहे हैं। परीक्षा का दबाव और पढ़ाई का तनाव चिड़चिड़ेपन, नींद की कमी, भूखन लगने, अलग-थलग रहने या व्यवहार में अचानक बदलाव के रूप में सामने आ सकता है। माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि "कुछ तो बदला है", पर समझ नहीं पाते कि क्या करें। पेशेवर परामर्श क्यों ज़रूरी है

दोस्तों और परिवार की सलाह का अपना महत्व है, लेकिन कुछ समस्याओं में एक प्रशिक्षित और निष्पक्ष पेशेवर की मदद अधिक उपयोगी होती है। काउंसलिंग एक सुरक्षित, गोपनीय और पूर्वाग्रह-रहित वातावरण देती है, जहाँ भावनाओं को समझा जा सकता है, व्यवहार के पैटर्न पहचाने जा सकते हैं और अपनी सुविधा की गति से परिस्थितियों का बेहतर ढंग से सामना करना सीखा जा सकता है। वयस्कों पर भी अपने दबाव होते हैं: करियर, आर्थिक ज़िम्मेदारियाँ, रिश्ते और परिवार।समय के साथ अनसुलझा तनाव अत्यधिक चिंता, ज़रूरत से ज़्यादा सोचने (ओवरथिंकिंग), भावनात्मक बोझ, आत्मविश्वास की कमी या भावनाओं को सँभालने में कठिनाई के रूप में दिख सकता है।कुछ लोग ओसीडी सेजुड़ेबार-बार आने वाले अनचाहे विचारों और दोहराए जाने वाले व्यवहारों से जूझते हैं, और अक्सर झिझक के कारण चुपचाप सहते रहते हैं। दंपतियों और परिवारों में बातचीत धीरे-धीरे कमज़ोर पड़ सकती है, और जहाँ कभी निकटता थी, वहाँ दूरी आ जाती है। वहीं कई युवा अपने करियर और भविष्य की दिशा को लेकर गहरी उलझन में रहते हैं।

SWATI JUNEJA
Psychologist, Psychotherapist

SH MIND TREAT
Counselling and Wellness Centre



SWATI JUNEJA
Psychologist,
Psychotherapist
Mental Health Expert
(9 Years of Experience)

जब लगे कि, कोई सुन और समझ नहीं रहा...
हम आपकी समस्या सुनने के लिए तैयार हैं...



- क्या आप बहुत Overthink करते हैं ?
- क्या रात में नींद नहीं आती ?
- क्या छोटी बात पर Panic होते है ?
- क्या हमेशा Negative Thoughts आते हैं ?
- क्या किसी से बात करने का मन नहीं करता हैं ?

अगर 2 का जवाब "हाँ" है...

ये लक्षण दिखें तो तुरंत संपर्क करें !
आपकी मानसिक शांति, हमारी जिम्मेदारी
मन की उलझनें, डर, चिंता, बुरे विचार और अतीत के दर्द अब और नहीं।
समय पर मदद लें, खुशहाल और संतुलित जीवन की ओर बढ़ें।

कहीं आप इन समस्याओं से तो नहीं जूझ रहे ?

OCD (ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर)
बार-बार हाथ धोना, चेक करना, चीजें गिनना
बार-बार दिमाग में एक ही विचार आना
करने से राहत नहीं मिलना

Spirituality Thoughts
बार-बार आध्यात्मिकता, पूजा, पाप-पुण्य,भगवान से जुड़े अत्यधिक विचारों में उलझे रहना।

Contamination (प्रदूषण का डर)
गंदगी, कीटाणु, संक्रमण का अत्यधिक डर, भीड़ या वस्तुओं को छूने से डरना।

Panic Attack (पैनिक अटैक)
अचानक तेज डर, सांस फूलना, चक्कर आना, कंपन, मौत का डर लगता हैं।

Trauma (भावनात्मक आघात)
पुरानी घटनाओं का बार-बार याद आना, डर, अपराधबोध, भावनात्मक जख्म ।

Focus & Concentration (फोकस की कमी)
ध्यान न लगना, पढ़ाई/काम में मन न लगना, बार-बार ध्यान भटकना।

Harmful Thoughts
खुद को नुकसान पहुँचाने वाले विचार, जीने की इच्छा न होना, निराशा, अँधेरा महसूस करना।

Negative Thoughts
हमेशा नकारात्मक सोचना, भविष्य को लेकर डर, खुद को दोष देना, आत्मविश्वास की कमी।

Anxiety & घबराहट
बेचैनी, दिल की धड़कन तेज होना, पसीना आना, डर सा महसूस होना, शांति न मिलना।

Overthinking (अत्यधिक सोच)
एक ही बात बार-बार सोचते रहना
फैसला लेने में असमर्थता, मानसिक थकान।

Painful Memories (दर्दनाक यादें)
भूलना चाहकर भी ना भूल पाना, अतीत का दर्द, आँसू, भावनात्मक तकलीफ

हम कैसे आपकी मदद करते हैं ?
- व्यक्तिगत काउंसलिंग और थेरेपी सत्र
- CBT, NLP, माईंडफूलनेस और रिलैक्सेशन थेरेपी
- ट्रॉमा हीलिंग और इनर चाइल्ड
- थेरेपी ओसीडी और ऐंग्जायटी मैनेजमेंट प्रोग्राम
- पैनिक अटैक और स्ट्रेस मैनेजमेंट
- नींद सुधार (Insomnia Therapy)
- फोकस और कॉन्संट्रेशन बिल्डिंग
- परिवार और रिलेशनशिप काउंसलिंग

आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।
समय पर मदद लें, जीवन को नई दिशा दें।

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें : 7566317960
Add.: Vrindawan Plaza, C-20, Second Floor, Near Post Office, Nehru Chowk, Bilaspur-495001
Email: info@shmindtreat.com, shmindtreat@gmail.com | Website: www.shmindtreat.com
@HEALWITHSWATI_

फाउंडेशन एकेडमी मैदान में रास डांडिया 14 से

बिलासपुर। नवरात्रि पर्व पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में भाटिया फ्यूल्स के द्वारा रास डांडिया 2026 का आयोजन 14 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। , फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शहरवासियों के साथ खेलेगी रास डांडिया । 1 लाख वर्ग फुट खेल मैदान में रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है।

2000 वर्ग फीट की भारी भरकम एलईडी स्क्रीन से राज डांडिया कार्यक्रम का प्रसारण भी शहर वासी देख सकेंगे। एक लाख वर्ग फिट मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। देश के सुप्रसिद्ध गायक रास डांडिया में अपनी प्रस्तुति देंगे। 2016 से फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान से नवरात्रि पर रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर 10 वर्ष के प्रवेश पर भव्य आयोजन होगा यहां पर तीन दिनों तक सजेगा डांडिया का रंग। राज डांडिया में आयोजन को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। और यहां डांडिया कि



रिहर्सल करने के लिए काफी भीड़ है। शहर की युवाओं में काफी गुस्सा है आयोजन समिति के द्वारा यहां पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। शहर में रास डांडिया को लेकर लोगों में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह रहता है। तीन दिनों तक फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में अत्याधुनिक साउंड सिस्टम तथा आकर्षक सजावट के साथ रास डांडिया का आयोजन किया जाएगा। यहां पर बच्चों के मनोरंजन के लिए व्यवस्था भी की गई है। । शहर के लोग अपने परिवार सहित रास डांडिया में शामिल होते हैं और शहर के लोगों को इस नवरात्रि पर रास डांडिया का इंतजार है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में तीन दिनों तक आयोजित किया जा रहा है। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर, टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता होंगी विशेष आकर्षण रास डांडिया के 10वें वर्ष के जश्न में बॉलीवुड की मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर, टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता शहरवासियों के साथ रास गरबा खेलेगी। 100 से अधिक फिल्मों में अदाकारी, तथा अभिनय करने वाली बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर पहली बार नवरात्रि पर्व पर शहर पहुंच रही है। टीना दत्ता भी नवरात्रि पर्व पर आयोजन में शामिलहोगी। उर्मिला मातोंडकर ने बतौर बाल कलाकार 'कलयुग' और 'मासूम' जैसी फिल्मों से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की।

जगजीत सिंह की पुण्यतिथि पर गजल संध्या आज

शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक पूल साइड गार्डन चावला ग्रीन मोपका में होगा आयोजन

बिलासपुर। ग़ज़ल सम्राट एवं पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय जगजीत सिंह जी की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को विशेष चैरिटी ग़ज़ल संध्या 'कहाँ तुम चले गये...' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्व. जगजीत सिंह को समर्पित होगा।

कार्यक्रम से प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग सक्ती स्थित दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय के भवन निर्माण पर किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक पूल साइड गार्डन चावला ग्रीन, मोपका में होगा। श्रोताओं के लिए रिपोर्टिंग का समय शाम 6:30 बजे निर्धारित किया गया है। इस संगीतमय संध्या में भिलाई के प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक परनराज भाटिया अपनी प्रस्तुतियों से ग़ज़ल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

कार्यक्रम में जगजीत सिंह जी की अमर ग़ज़लों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।इस आयोजन के माध्यम से संगीत प्रेमियों को ग़ज़लों की सुरीली शाम का आनंद लेने के साथ-साथ एक नेक सामाजिक



■ कार्यक्रम में मिली राशि सक्ती के दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय के भवन निर्माण के लिए दी जाएगी।

कार्य में योगदान देने का अवसर भी मिलेगा। सक्ती स्थित दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय के भवन निर्माण में सहयोग करना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम का आयोजन जगजीत सिंह फैंस द्वारा किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े सहयोगियों एवं विभिन्न संस्थाओं का भी इसमें योगदान है। आयोजकों ने गजल प्रेमियों, संगीत रसिकों और समाजसेवियों से इस चैरिटी गजल संध्या में शामिल होकर स्व. जगजीत सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा दृष्टिबाधित बच्चों के लिए संचालित विद्यालय के भवन निर्माण में सहयोग करने की अपील की है। इस कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी डॉ देवेंदर सिंह, अरपा रिवर वैली स्कूल सुरिंदर सिंह चावला, बीएनआई किरणपाल सिंह चावला, आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल अजय श्रीवास्तव, बॉस सिक्यूरिटी जितेंद्र सिंह, आशीर्वाद ब्लड सेंटर, रोटरी क्लब ग्रीन केशव बंसल, गरुड़ा सेल्स पेंट तरुण चौधरी, डिजिटल पार्टनर मनोज देवांगन रेडियो पार्टनर रेडियो ऑरेंज विवेक कुमार सिंह, बंटी मिश्रा, प्रतीक सलूजा रोहन रॉबिन्सन, राजा नायडू एवं कृष्णा गेडाम बिलासपुर कॉन्टिनेंटल इन्वेस्टमेंट्स एवं इवेंट पार्टनर शुभ लाभ का सहयोगम मिल रहा है।

न्यू जनता हॉस्पिटल में कैंप का समापन 11 को

बिलासपुर। व्यापार विहार स्थित न्यू जनता हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 5 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

अस्पताल में हड्डियों, जोड़ों एवं चोटों के विशेषज्ञ डॉ. सीएस कंवर मरीजों को परामर्श प्रदान करेंगे। कैंप के दौरान टोटल नी रिप्लेसमेंट, टोटल हिप रिप्लेसमेंट, शोल्डर रिप्लेसमेंट, एसीएल एवं पीसीएल रिकंस्ट्रक्शन, मेनिस्कस उपचार, मल्टी-लिगामेंट रिकंस्ट्रक्शन, फ्रैक्चर एवं हड्डी संबंधी विभिन्न समस्याओं का उपचार उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही हड्डी एवं जोड़ों की चोट, हिप डिस्क तथा एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी ऑर्थोपेडिक केयर की सुविधा भी दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार कैंप के दौरान निःशुल्क ओपीडी एवं निःशुल्क ईसीजी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। ओपीडी सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित है। सामान्य कमजोरी,



थकान, बार-बार होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं सहित अन्य रोगों के लिए भी विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध रहेगा। शिविर के आयोजक न्यू जनता हास्पिटल के डायरेक्टर ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन लोगों की संख्या बढ़ रही है।

निःशुल्क चिकित्सा का लाभ लेने शहर सहित दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भी बढ़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं, इसका हमे अच्छा प्रतिसाद मिला है।

बिजनेस प्लस

स्वर्ण शिखर लेकर आया है आपके सपनों का आशियाना

बिलासपुर। अच्छे और सुंदर वातावरण एवं अच्छे लोकेशन में अपने घर का सपना देख रहे लोगों के लिए स्वर्ण शिखर द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस द्वारा डीएलएस कालेज रोड अशोक नगर सरकंडा में लक्जरी फैल्ट्स लेकर आया है। जहां शहरवासी व दूर दराज के लोग अपना घर बनाने का सपना साकार कर सकते हैं। डीसीटी के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपुत ने बताया कि सर्वसुविधा युक्त कालोनी बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण हरियाली और स्वच्छ वातारण में किया गया है। जहां रहवासियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसकी चौड़ी सड़के और साफ सुथरी सड़कें, पूजा के लिए मंदिर, बच्चों के खेलने के लिए आकर्षक प्ले एरिया की स्थापना की गई है। प्रवेश द्वार पर चौबीस घंटे सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी और स्वयं का ट्रासफार्मर लगाया गया है। चौबीस घंटे बिजली पानी की सप्लाई की जाती है प्रोजेक्ट में पोडियम गार्डन डेकोरेटिव एंट्रेंस इलेक्ट्रिक वाहनों की जरूरत को देखते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग पॉइंट की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि यहां से कुछ ही दूरी पर अपोलो हास्पीटल, अच्छे स्कूल, कालेज हैं। शहर से लगे स्वर्णशिखर कालोनी में बनाए गए मकान रेरा एप्रूवल है। मकान देखने आने वाले लोगों साइट विजिट की सुविधा है। फ्लैट में लिफ्ट की सुविधा है। इसके निर्माता डीसीटी रियल इस्टेट डेवलपर्स द्वारा निर्मित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए छग हाईकोर्ट के पास छतौना रोड से संपर्क कर सकते हैं। पहले आओ पहले पाओं की तर्ज पर यहां लोग साइट विजिट कर रहे हैं। बुंकिग की सुविधा है।

सोलर पैनल लगवाने का सुनहरा अवसर सीवीएस इंजीनियरिंग के साथ



बिलासपुर। सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम मात्र 1.55 लाख रुपए में लगाया जा रहा है। बिजली बिल से राहत पाने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगवाने का अवसर उपलब्ध है।

योजना से उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली खर्च में कमी ला सकते हैं और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित कर सकते हैं। 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम 1 लाख 55 हजार रुपए में उपलब्ध कराया जा रहा है। पात्र उपभोक्ताओं को सरकारी सब्सिडी का लाभ भी मिल सकता है। सब्सिडी की राशि पात्रता एवं योजना के प्रचलित नियमों के अनुसार है। सीवीएस इंजीनियरिंग एवं महामाया इलेक्ट्रिकल होटल ग्रांट गुलमोहर के सामने मोपका की पहल से इस आसान बनाया जा रहा है। सोलर पैनल स्थापना के लिए सीवीएस इंजीनियरिंग द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इच्छुक उपभोक्ता संबंधित संस्थान से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान 5-स्टार रेटिंग के साथ अपनी सेवा उपलब्ध कर रहा है। सोलर पैनल लगवाने से पहले उपभोक्ताओं को कुल लागत, सब्सिडी के बाद देय राशि, उपकरणों की गुणवत्ता, इंस्टॉलेशन शुल्क और बिक्री-पश्चात सेवा की जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं।

57वीं जीएसटी परिषद के ऐतिहासिक फैसलों का स्वागत

बिलासपुर। 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में व्यापार एवं उद्योग जगत के हित में लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा जीएसटी परिषद की अध्यक्ष निर्मला सीतारमण एवं जीएसटी परिषद के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया है।

कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा , प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र अजमानी , दिलीप खेंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा, अनिल राघवानी, प्रमोद वर्मा, प्रवीण सलूजा, हरदीप होरा ,नितिन सलूजा, अरविंद वर्मा,संतोष पांडे, मुकेश लालचंदानी, राकेश सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में व्यापार एवं उद्योग जगत के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय स्वागत योग्य है। इससे व्यापारियों को बड़ी राहत है। कैट के जिला अध्यक्ष हीरानंद ने कहा कि इन निर्णयों से जीएसटी व्यवस्था अधिक सरल, पारदर्शी, तकनीक आधारित एवं व्यापारी-अनुकूल बनेगी तथा व्यापारियों को अनुपालन, कार्यशील पूंजी, परिवहन एवं विभागीय कार्यवाही में महत्वपूर्ण राहत मिलेगी। यदि खरीदार ने वास्तविक लेन-देन किया है, माल/सेवा प्राप्त की है और आवश्यक वैधानिक शर्तें पूरी की हैं, तो केवल आपूर्तिकर्ता द्वारा कर जमा नहीं करने के कारण खरीदार को आईटीसी का नुकसान न हो—इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। अभियोजन की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ है। इससे छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को कठोर अभियोजन की कार्रवाई से बड़ी राहत मिलेगी। सामान्य जुर्माने की अधिकतम सीमा 25,000 से घटाकर 10,000, छोटी अनुपालन संबंधी त्रुटियों के मामलों में व्यापारियों को राहत मिलेगी। छोटे ऑनलाइन व्यापारियों के लिए नए अवसर निर्धारित शर्तों के अधीन छोटे विक्रेताओं को बिना भौतिक प्रतिष्ठान के अन्य राज्यों में ऑनलाइन व्यापार करने के लिए सरल जीएसटी पंजीयन की सुविधा देने की सिफारिश की गई है।

चिकित्सा के क्षेत्र में 16 वर्ष गुणवत्ता के साथ पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

केयर एन क्योर
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

विगत 16 वर्षों में 2400 से अधिक टेस्ट ट्यूब बेबी
वरदान
इक्सी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर




डॉ. एस के वर्मा
M.B.B.S., M.D. Medicine
जनरल मेडिसिन विभाग


डॉ. (श्रीमती) सुनीता वर्मा
M.B.B.S., M.D. (Obs Gyne)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग


डॉ. सिद्धार्थ वर्मा
M.B.B.S., DA, IDCCM (क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ)
मेडिसिन एवम क्रिटिकल केयर विभाग


डॉ. प्रकृति वर्मा
M.B.B.S., D.G.O. (टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग


मात्र 18 हजार
में सिजेरियन डिलीवरी
दवा के खर्च सहित
गरीबी रेखा राशन
कार्ड धारियों के लिए

आयुष्मान भारत योजना
से निःशुल्क उपचार



• 24×7 आपातकालीन सेवा • जनरल मेडिसीन
• जनरल सर्जरी • हड्डी एवं जोड़ रोग
• प्लास्टिक सर्जरी • स्त्री एवं प्रसूति रोग

आईसीयू एवं क्रिटिकल
केयर का इलाज, क्रिटिकल
केयर विशेषज्ञ द्वारा
आयुष्मान कार्ड
से निःशुल्क


ESIC कार्ड से
निःशुल्क
इलाज सुविधा

आयुष्मान भारत/स्मार्ट काई, ESIC, कोल इंडिया लिमिटेड तथा भारत की प्रमुख Insurance कंपनियों एवं TPA के अंतर्गत कैशलेस इलाज़ की सुविधा

पुराना प्रताप टॉकिज, प्रताप चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 7697030000, 9301311022, 9301611022

खबर संक्षेप

चित्रकला प्रतियोगिता में नीलू का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुंगेली। शास पूर्व माध्यमिक शाला ढोठमा की छात्र नीलू ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शाला की प्रतिभावान छात्र नीलू चंद्रप्रसाद ने जोन स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक स्तर के लिए चयनित हुई। इसके पश्चात ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उसने माध्यमिक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक रोहित कुमार मोहले, शिक्षक खेलावन साहू, राजेश गुप्ता ने बधाई देकर शाला परिवार की तरफ से भी उनकी इस सफलता पर खुशी जाहिर की है।

बिक्री के लिए रखी अवैध कच्ची शराब जब्त

तखतपुर। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची महुआ शराब को जब्त करते हुए पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बराही में छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपांशु कश्यप के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी 3 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर ली। आरोपी के फिलाफ आबकारी अधिनियम 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

युवकों ने दुपहिया सवार को पीटा, मामला दर्ज

तखतपुर। मामूली बात पर दुपहिया सवार दो युवकों ने एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकपुर रोड निवासी रोहित पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, मंगलवार 6 अक्टूबर की रात 10 बजे पेट्रोल डलवा रहा था। इसी दौरान उसने सामने खड़ी दुपहिया चालक से वाहन आगे बढ़ाने की बात कही। इस पर वाहन सवार दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

निधन

रमाशंकर तिवारी

बिलासपुर। घुरू अमेरी निवासी



रमाशंकर तिवारी का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे आनंद तिवारी, अमित तिवारी के पिता, हरिशंकर तिवारी मोहन तिवारी के भाई थे।

खोलबहरा तंबोली

बिलासपुर। देवनचाल निवासी



खोलबहरा तंबोली का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवनचाल मुक्तिधाम में किया गया। वे रूपनारायण तंबोली एवं महेश तंबोली के पिता थे।

महावीर केनार

तखतपुर। वार्ड क्रमांक 4 निवासी



महावीर केनार का 45 वर्ष की आयु में 9 अक्टूबर को निधन हो गया। वे बलराम केनार के बड़े भाई तथा किशन और कृष के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

लखराम गांव में शुरू की गई अनूठी पहल

शाम चार बजते ही 25 लाउड स्पीकर में राष्ट्रगीत से गुंजायमान हो रहा लखराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





लखराम ग्राम पंचायत ने देशभक्ति का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। गांव के हर गली-मुहल्ले व चौक-चौराहों पर करीब 25 लाऊड स्पीकर लगाए गए हैं, जिनमें शाम चार बजते ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन सुनाई पड़ने लगती है। राष्ट्रगीत प्रारंभ होते ही गांव के दो हजार लोग जहां भी हों, जिस भी स्थिति में हों अपने स्थान पर खड़े होकर राष्ट्रगीत को सम्मान देते हैं। लखराम में 8 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ देशभक्ति का यह सिलसिला शायद अनवरत चलता रहेगा।

> ■ राष्ट्रगीत बजते ही जहां भी हों खड़े हो जाते हैं गांव के दो हजार निवासी

जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम लखराम में राष्ट्रभावना और सामुदायिक एकजुटता की अनूठी पहल शुरू हुई है। राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम पंचायत ने पूरे गांव को एक सूत्र में जोड़ते हुए एक निश्चित समय पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन की पहल की है। इसके तहत गांव में जहां जो व्यक्ति मौजूद हो, वह उसी स्थान पर खड़े होकर एक साथ 'वंदे मातरम' का गायन करता है। इस पहल को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत की सरपंच, समस्त पंच एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्रामसभा में निर्णय ले कर करीब डेढ़ महीने पहले से व्यापक तैयारियां की गई। पंचायत ने पूरे गांव का सर्वे कर यह सुनिश्चित किया कि निर्धारित समय पर राष्ट्रगीत की आवाज प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच सके। इसके लिए गांव के विभिन्न हिस्सों में करीब 25 लाउडस्पीकर लगाए गए। निर्धारित समय होते ही लाउडस्पीकर के माध्यम से 'वंदे मातरम' का गायन शुरू होगा और गांव में मौजूद लोग अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन करेंगे।

खेत में काम कर रहा किसान भी सम्मान में हो रहा खड़ा

लखराम में इस पहल की सबसे प्रभावशाली तस्वीर उस समय सामने आई, जब खेतों में काम कर रहे किसान, स्कूल के विद्यार्थी, स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी, बैंककर्मी, व्यापारी, पंचायत प्रतिनिधि और आम जन मानस, अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर एक ही समय में 'वंदे मातरम' का गायन किया। यह आयोजन इस बात का उदाहरण है कि सामूहिक सहभागिता के लिए जरूरी नहीं कि हर व्यक्ति एक ही स्थान पर मौजूद हो बल्कि एक स्वर भी पूरे गांव को एक साथ खड़ा कर सकता है।

ग्राम सभा में प्रस्ताव

प्रधानमंत्री के मनकी बात से प्रभावित होकर इस तरह का विचार मन में आया था। पहले ग्रामीणों से बात की। ग्रामसभा में प्रस्ताव किया। सबकी सहमति आने के बाद पूरे गांव में लाऊड स्पीकर लगवाए गए। पूरी कोशिश रहेगी कि लखराम में 8 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ हुआ देशभक्ति का यह सिलसिला अब कभी समाप्त न हो।

-रूकमणी साहू
सरपंच लखराम

अग्रसेन जयंती पर रंगोली, मेहंदी थाल सज्जा प्रतियोगिता



बिल्हा। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा में महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रंगोली, मेहंदी एवं थाल सज्जा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

यह पूरा कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजय अग्रवाल रहे, जिनके कुशल नेतृत्व में सभी प्रतियोगिताओं का सुचारू संचालन किया गया। रंगोली द्वारा विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक संदेशों और महाराजा अग्रसेन के जीवन दर्शन पर आधारित आकर्षक एवं जीवंत रंगोली कृतियां बनाईं। मेहंदी के माध्यम से छात्राओं ने पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों के माध्यम से अपनी हथेलियों पर कला का बारीकी से प्रदर्शन किया। थाल सज्जा द्वारा प्रतिभागियों ने पूजा की थालियों को फूलों, दीपों, गोटे और हस्तशिल्प सामग्रियों से बेहद मनमोहक रूप में सजाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के उत्साह और कलात्मकता की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, सांस्कृतिक मूल्यों और छिपी हुई प्रतिभा का विकास होता है। कार्यक्रम में अग्रसेन इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश मंगल, सचिव सोनू अग्रवाल, संदीप नौबतका, सांस्कृतिक समिति की काजल गोयल, श्वेता अग्रवाल, अकादमिक समिति की रानू बिंदल, रीतू अग्रवाल तथा खुशी के द्वारा निर्णायक के रूप में विजेता प्रतिभागियों का चयन किया गया जिन्हें आगामी वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

10 छात्राओं को वितरित की साइकिल



बोदरी। नेशनल हाइवेज इंफ्रा ट्रस्ट के अंतर्गत सिमगा बिलासपुर प्रोजेक्ट के मोदीपार टोल प्लाजा द्वारा कॉर्पोरेटिव सामाजिक उत्तारदायित्व किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम मोदीपार स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की 10 छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं, ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके और शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन प्राप्त हो।

विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा उन छात्राओं का चयन किया गया, जिन्हें विद्यालय आने-जाने में अधिक दूरी के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। चयनित छात्राओं में कुछ ड्राइवर परिवारों से संबंधित हैं, जबकि कुछ छात्राएँ छात्रवृत्ति प्राप्त कर रही हैं। छात्राओं की आवश्यकताओं और आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें साइकिल प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में बिल्हा थाना के थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मी, मोदीपार टोल प्लाजा के स्टाफ तथा संबंधित टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मोदीपार टोल प्लाजा के प्लाजा मैनेजर पल्लव कुमार झा, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप, निखिल पांडा, संतोष तथा सतवर्धन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्राओं की सुरक्षा से खिलवाड़: कन्या छात्रावास की बाउंड्री तोड़ने पर गरमाई सियासत



बेलगहना/कोटा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का उद्देश्य आदिवासी अंचलों का विकास है, लेकिन बेलगहना के परसापानी कन्या छात्रावास में इस योजना के नाम पर छात्राओं की सुरक्षा को ही दांव पर लगा दिया गया है।

छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के दौरान ठेकेदार ने मनमानी करते हुए परिसर की सुरक्षा दीवार (बाउंड्री वॉल) का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी अनुमति के तोड़ दिया। सामने आए वीडियो में साफ दिख रहा है कि सामग्री ले जाने की आड़ में सुरक्षा में सेंध लगाकर रास्ता बना लिया गया है, जबकि अंदर आदिवासी छात्राएं निवासरत हैं।

जिम्मेदारों के गैर-जिम्मेदाराना जवाब

मामले पर आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला अधिकारी संजय चंदेल से सवाल किया गया तो उनका जवाब और भी हैरान करने वाला रहा। उन्होंने कहा - सामग्री अंदर ले जाने का रास्ता नहीं था, इसलिए दीवार तोड़ी गई। वहीं छात्रावास अधीक्षक ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह उनके प्रभार लेने से पहले ही तोड़ा जा चुका था। सवाल यह है कि क्या ठेकेदार को बिना अनुमति सरकारी संपत्ति तोड़ने का लाइसेंस मिला हुआ है? और दीवार तोड़ने के बाद छात्राओं की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक इंतजाम क्यों नहीं किया गया?

विधायक ने किया निरीक्षण, विधानसभा में उठाने की चेतावनी

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधायक प्रतिनिधि सबलू पांडेय के साथ परसापानी कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। मौके पर हालात देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। विधायक ने स्पष्ट कहा कि विकास के नाम पर बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस लापरवाही को लेकर कलेक्टर से औपचारिक शिकायत की जा रही है और यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बाउंड्री वॉल को तत्काल दुरुस्त किया जाए और मनमानी करने वाले ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

पातालेश्वर कॉलेज में सजी 17 फीट की डिजिटल भारत थीम पर हर्बल रंगोली



मस्तूरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय में विकासखंड स्तरीय रंगोली आयोजित की गई। इस विकासखंड स्तरीय रंगोली के लिए महाविद्यालय को नोडल बनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ दुर्गा बाजपेई कार्यक्रम की नोडल अधिकारी तथा कांति अंचल सहायक नोडल अधिकारी रही।

डिजिटल भारत थीम पर आधारित रंगोली 17 की 17 फीट का बनाया गया, रंगोली में हर्बल रंग, फूल एवं चावल को रंग कर उपयोग किया गया। रंगोली 3 अक्टूबर से बनाने के लिए प्रारंभ की गई जो 6 अक्टूबर सायं पूर्ण कर ली गई। इस कार्यक्रम में शासकीय नवीन महाविद्यालय पचपेड़ी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोसमडीह, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्व सहायता समूह की सहभागिता रही, जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। छात्र-छात्राओं ने रंगोली स्थल पर पंथी नृत्य, देशभक्ति पर आधारित नृत्य आदि की प्रस्तुति दिए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, महिला समूह, स्कूल शिक्षा विभाग, महाविद्यालय की प्राचार्य सभी प्राध्यापक, कर्मचारी अतिथि प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

सील मकान में मिले 5 संदिग्ध, 1 फरार



रतनपुर। अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रतनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र में पप्पू निर्मलकर के मकान में कुछ लोगों के संदिग्ध परिस्थितियों में एकत्रित होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर रेड कार्रवाई की। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मौके पर राकेश लोनिया, रवि कुमार प्रजापति, प्रतीक सिंह ठाकुर, अर्जुन कुम्हार, राजकुमार प्रजापति और अजय दुबे उपस्थित मिले। इनमें से अजय दुबे मौके से फरार हो गया, जबकि शेष 5 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत पृथक-पृथक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया।

एक युवती भी मिली

कार्रवाई के दौरान मकान में एक युवती भी मिली, जिसे पुलिस थाने लाया गया एवं उससे पूछताछ की गई। राकेश लोनिया 38 वर्ष पिता कीर्तिका लोनिया, निवासी गांधीनगर रतनपुर। रवि कुमार प्रजापति 28 वर्ष पिता गरीबा प्रजापति, निवासी महामायापारा रतनपुर, प्रतीक सिंह ठाकुर 40 वर्ष पिता स्व ओमकार सिंह, निवासी भेड़ीमुड़ा, रतनपुर, अर्जुन कुम्हार 36 वर्ष पिता स्व. बुधराम, निवासी चैतमा थाना पाली कोरबा, राजकुमार प्रजापति 34 वर्ष पिता इतवार राम, निवासी हरदीबाजार, थाना के पीछे कोरबा को पकड़ा गया है।

शाखा नहर एवं माइनरों के उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 11 लाख स्वीकृत

मस्तूरी। विधायक दिलीप लहरिया के प्रयासों से जिले के खारंग जलाशय अंतर्गत जलसों शाखा नहर एवं माइनरों के उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 11 लाख 09 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्र में नहरों की जल प्रवाह क्षमता एवं सिंचाई व्यवस्था में सुधार होगा तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। प्रस्तावित कार्य से लगभग 105 हेक्टेयर भूमि सिंचित होने का लाभ किसानों को मिलेगा। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है और किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

विद्यार्थी परिषद ने शुक्ल कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



सीपत। शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत में विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सीपत ने प्राचार्य को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण की मांग की। अभाविप ने एनसीसी यूनिट प्रारंभ करने, पीजीडीसीए के खराब कंप्यूटरों की मरम्मत, ड्रेस कोड लागू करने, स्वच्छ पेयजल एवं नियमित साफ-सफाई, वॉशरूम में पानी व स्वच्छता, व्यायामशाला की उचित देखरेख तथा छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड की नियमित उपलब्धता जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। विद्यार्थी परिषद ने पीजीडीसीए विभाग की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि 35 कंप्यूटरों में से मात्र 6 कंप्यूटर ही संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों की प्रायोगिक शिक्षा प्रभावित हो रही है। परिषद ने सभी खराब कंप्यूटरों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक - एल.आई.जी. 280, आबंटी श्री दिलीप कुमार सरकार पिता श्री दिनेश चंद्र सरकार, को आवंटित भवन का दिनांक 15.09.2010 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 30.10.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती सरिता सोनी पति श्री दीपक सोनी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तातरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक /अ-6-अ
ग्राम सारबहरा

एतद द्वारा, सर्व साधारण ग्राम सारबहरा को सूचित किया जाता है कि हल्का पटवारी 20. रा.नि.मं.-सारबहरा, तहसील पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के द्वारा प्रतिवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सारबहरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 623/2,624/1 रकबा 0.75, 0.822 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में जुनैद अहमद पिता जुबेर अहमद के नाम पर दर्ज रही है। पूर्व में आवेदित भूमि जुबेर अहमद पिता अतीक अहमद के नाम खसरा वर्ष 2008-09 अनुसार अभिलेख में दर्ज था। खसरा नंबर 623/1, 626/22 रकबा 0.80, 0 850 हे. भूमि संस्था बिलासपुर प्लेटाइन सोसायटी (छ.ग.) के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खसरा नंबर 624/1 भूमि भी उक्त खसरा नंबर 623/1 में शामिल दर्ज हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण दर्ज है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 624/1 की भूमि खसरा नंबर 623/2 में खातेदार जुनैद अहमद के नाम पर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई की जा रही है। आवेदित भूमि के रिकार्ड दुरूस्ती के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में स्वयं/अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 23/10/26 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 08/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार-पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली छ.ग.

विजय कुमार साहू...वादी **विरूद्ध**
आम जनता वगैरह...प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.- 134 अ/26
पेशी दिनांक- 04.11.2026
प्रो.क्रमांक- 720/26

नोटिस/ईश्तहार

वादी विजय कुमार साहू के द्वारा नाम की उद्घोषणा किये जाने बाबत माननीय न्यायालय के समक्ष वादपत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक-04.11.2026 को नियत है, जिस हेतु किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक-04.11.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक-04.11.2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, या कार्य स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की कार्यवाही अगले दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 07/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

मुंगेली
दिनांक- 07/10/2026
(कु. नारायणी कच्छप)
व्य.न्या.क.श्रेणी के प्र.अ.न्या. मुंगेली, जिला-मुंगेली, छ.ग.

आम सूचना ईस्तहार
(नाम परिवर्तन हेतु)

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता अनुष्का उम्र 19 वर्ष पति श्री नीतीश कुमार निवासी ग्राम हरदी विशाल, पोस्ट-खिसोरा तहसील बलौदा जिला-जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) यह शपथ करता / करती हूँ कि मैं अपना पुराना नाम भावना अनुष्का रात्रे (ANUSHKA RATRE) एवं जन्मतिथि 12/12/2009 को त्याग कर मेरा नया नाम अनुष्का (ANUSHKA) जन्मतिथि 09/09/2007 रख लिया/ ली हूँ। अतः आज से मैं समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम अनुष्का (ANUSHKA) जन्मतिथि 09/09/2007 से ही जाना पहचाना जावे।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरा नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है, तो 15 दिवस भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नही किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा।
सो सूचना जाने !

हस्ताक्षर
अनुष्का
पति नीतीश कुमार
निवासी ग्राम हरदी विशाल
तहसील बलौदा
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
मो.नं.-6267528743

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) बिलासपुर, (छ.ग.)
//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र...../ब-121/2025-26
ग्राम पंचायत-जलसो,
तहसील व जिला बिलासपुर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि STAR WORLD BILASPUR द्वारा भागीदार अंकित अग्रवाल पिता सुभाषचन्द्र अग्रवाल निवासी लिंक रोड बिलासपुर, छ.ग. ने ग्राम जलसो, प.ह.नं. 19 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 253, 303 रकबा क्रमशः 0.1210 हे., 0.1050 हे. कुल रकबा 0.2260 हे. भूमि पर कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपना आपत्ति/दावा दिनांक 21.10.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात् आने वाले आपत्तियों / दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलासपुर (छ.ग.)

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 975/RTO/26 दिनांक 05/10/2026

श्री गौरव शर्मा (रजिस्टर्ड)। है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ए.यू. स्माल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने । उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 15 ए.सी. 4126 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और :
1. आपने उसे/उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन को स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51(5) के साथ।
तारीख.....
Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 975/RTO/26 दिनांक 05/10/2026

श्री हिमांचल प्रसाद लश्कर (रजिस्टर्ड)। है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि इण्डस इंड बैंक लिमिटेड (Financio) है/ ने सूचित किया है कि उसने/उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 ए.एल. 8245 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद/पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और :
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51(5) के साथ।
तारीख.....
Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 978/RTO/26 दिनांक 05/10/2026

श्री संतोष पटेल (रजिस्टर्ड)। है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कं. लि. (Financio) है/ने सूचित कि

हरिभूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



अंबे मां की होगी स्थापना

नवरात्रि के प्रथम दिन पर पंडालों व मंदिरों में मां अंबे की प्रतिमा का पूजा कर स्थापना की जाएगी। नवरात्रि के 9 दिनों तक माता की पूजा होगी।

कार्यक्रम

सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा में शामिल होने, सुंदर काण्ड मंडल के सदस्य रवाना



बिलासपुर। सुंदर काण्ड मण्डल बिलासपुर के सदस्य बागेश्वर महराज की सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा में शामिल होने शुक्रवार को शाम 7 बजे रीवा-बिलासपुर ट्रेन से बागेश्वरधाम के लिए रवाना हुए। रथयात्रा 11 से 15 अक्टूबर तक चलेगी यह केवल एक यात्रा नहीं है बल्कि गुरुजी के प्रति हमारी श्रद्धा, सेवा और संगठन की एकता दिखाने का अवसर है। एकता रथयात्रा में जाने वालों में प्रतिमा श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, हिमानी सिंह, पूजा कर्ष, अदिति सिंह, राधा सोनी, कमला तिवारी, वन्दना खरे, शशि दुबे, चेष्टा शुक्ला, मंजू दुबे, अंजू द्विवेदी, सरला अग्रवाल, कांति चौहान, राजू महापात्र, पुष्पा साव, सुनीता कुशराम, रिया लालवानी, शशि यादव, कु. सीमा कुशराम, रीता खरे, शिखा मिश्रा, संध्या शर्मा, जनक नंदनी, संध्या चौधरी, दीपिका शर्मा, बेलतरा मंडल से डॉ कुश श्रीवास्तव, जयशंकर पाण्डेय, रमा पाण्डेय, उत्तम अग्रवाल, अनंत खरे, मार्तंड वर्मा, हृदेश लोहानी, अभिषेक श्रीवास्तव, विवेक, देवांश, नरेश शर्मा, मनीष अग्रवाल, कन्हैया साव, हेमंत छाबड़ा, मंडल तखतपुर से प्रीति पाण्डेय, वनिता सिंह, राजेश्वरी, अनिता ठाकुर, मंडल मस्तूरी से वसंत गुप्ता, राधारमण गुप्ता, संतोष सोनी, नरेश सोनी शामिल हैं।

आयोजन

देशहा यादव समाज ने वृद्धाश्रम में सेवा कार्य कर मनाया जन्मदिन



बिलासपुर। सामाजिक सरोकार एवं बुजुर्गों के सम्मान का संदेश देते हुए देशहा यादव समाज ने समाज के उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव के जन्मदिन के अवसर पर कल्याण कुंज वृद्धाश्रम में सेवा कार्य किया। वृद्धजनों के बीच जन्मदिन मनाया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर टीकाराम यादव, सरपंच ग्राम पंचायत सिलपहरी एवं जिलाध्यक्ष ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम में सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष रामचंद, नगर अध्यक्ष दुर्गेश यदु, अमित यादव, अनिल यादव, संतोष यादव, गौरीशंकर यादव, भरत यादव, अभिमन्यु यादव, शिवचरण यादव, बाहोरन यादव, समीर यादव, रमेश यादव, सुखनंदन यादव, छोटू यादव, मंजीत यादव, पवन यादव, दौलत साहू, देशहा यादव समाज बिलासपुर महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रियंका यादव, झेरिया यादव समाज बिलासपुर महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा यादव, सुनीता यादव एवं सुधा यादव सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शिविर

लायंस क्लब वसुंधरा के स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने लिया लाभ



बिलासपुर। सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने सेवा सप्ताह के अंतिम दिन अध्यक्ष संजना मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंजू मिश्रा, गायत्री कश्यप, अर्चना तिवारी, सलमा बेगम, सुधा परिहार, उषा मुदलियार ने उपस्थित होकर निःशुल्क दंत परिक्षण शिविर एवं नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन चांटीडीह हाई स्कूल में किया। जिसमें दंत परीक्षण में डॉक्टर सौरभ भंडारी एवं डॉक्टर तृप्ति भंडारी की टीम डॉ वीनस सिंह एवं संदीप और दीक्षा उनके सहयोगी ने स्कूल के दंत परीक्षण किया। नेत्र शिविर में दृष्टि ऑप्टिकल से डॉ मुकेश शर्मा एवं उनके सहयोगी विनायक नेत्रालय से स्कूल के निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया एवं जिन बच्चों को जांच के दौरान डॉक्टर ने चश्मा प्रोवाइड कराया।





शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 11 अक्टूबर से हो रही है, इस दिन घटस्थापना के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा शुरू होगी। 18 अक्टूबर को महाअष्टमी, 19 अक्टूबर को महानवमी और 20 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। मां दुर्गा के भक्त पूरे नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे और व्रत रखेंगे, 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होगी।

शारदीय नवरात्रि कल से

- रविवार को गजवाहन पर माँ दुर्गा के आगमन मंगलवार को विजयादशमी पर होगा शक्ति एवं विजय का विशेष संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इसी दिन घरों और मंदिरों में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा शुरू की जाएगी। नवरात्रि के आखिरी दिन 19 अक्टूबर को महानवमी होगी और अगले दिन यानी 20 अक्टूबर को विजयादशमी यानी दशहरा मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर की रात करीब 9:19 बजे शुरू होगी। यह तिथि 11 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे तक रहेगी, उदया तिथि के आधार पर नवरात्रि का पहला दिन माना जाएगा,पहले दिन घटस्थापना का विशेष महत्व होता है। इसी के साथ नौ दिनों तक चलने वाली मां दुर्गा की पूजा शुरू होती है। कलश स्थापना के बाद मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। कलश स्थापना के दौरान मिट्टी की वेदी पर जौ बोने की परंपरा है, इसके बाद कलश में जल भरकर उसके ऊपर आम या अशोक के पत्ते और नारियल रखा जाता है। पूजा के स्थान पर अखंड ज्योत जलाने की भी परंपरा भी होगी।



अघोर पीठ आश्रम में नवरात्रि पर होगा पूजन

अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोर पीठ आश्रम बाँसाझाल में शारदीय नवरात्रि महापर्व 11 से 20 अक्टूबर तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रविवार को अभिजीत मुहूर्त में प्रातः 10:51 बजे से 12:07 बजे तक घट स्थापना कर दीप प्रज्वलित किया जायेगा। 19 अक्टूबर को नवमी का हवन-पूजन के पश्चात कुँआरी कन्याओं का पूजन एवं भोज होगा। प्रतिदिन आश्रम के सदस्यों द्वारा अघोरेश्वर स्मृति बचनामृत का पाठ किया जाएगा।

अष्टमी व नवमी में होगा पूजन

इस बार नवरात्रि की अष्टमी 18 अक्टूबर को पड़ेगी इस दिन मां महागौरी की पूजा की जाएगी। कई घरों में अष्टमी के दिन कन्या पूजन और हवन किया जाता है। इसके अगले दिन 19 अक्टूबर को महानवमी होगी। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि व्रत रखने वाले कई भक्त इसी दिन कन्या पूजन के बाद व्रत का पारण करते हैं।

20 अक्टूबर को दशहरा

नवरात्रि के बाद 20 अक्टूबर को विजयादशमी यानी दशहरा मनाया जाएगा। इसी दिन मां दुर्गा की पूजा के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। दशहरे पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन करने की भी परंपरा है। हिंदू धर्म में विजयादशमी को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। वहीं देवी परंपरा में महिषासुर पर मां दुर्गा की विजय से भी इस पर्व को जोड़ा जाता है।

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में महोत्सव 11 से 19 तक



श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा में शारदीय नवरात्र महोत्सव का आयोजन 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक श्रद्धा एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ रविवार,को होगा 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ इसका समापन होगा।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालु श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी, श्री गणेश जी, श्री भैरव जी एवं श्री हनुमान जी के दर्शन कर सकेंगे। प्रथम दिवस प्रातः ध्वजारोहण, ज्वारारोपण एवं श्री मनोकामना अखंड घृत ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस वर्ष भी मंदिर में 108 मनोकामना घृत ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलश प्रज्वलन अभिजीत मुहूर्त में प्रातः 11:36 से दोपहर 12:36 बजे के मध्य किया जाएगा। रविवार को नवरात्र प्रारंभ होने पर माँ दुर्गा का आगमन गज अर्थात हाथी पर माना जाता है। हाथी समृद्धि, स्थिरता एवं ऐश्वर्य का प्रतीक है। देवी के गजवाहन पर आगमन को अच्छी वर्षा, कृषि की उन्नति और जनजीवन में सुख-समृद्धि की मंगलकामना से जोड़ा जाता है। यह धार्मिक विश्वास श्रद्धालुओं में आशा एवं सकारात्मकता का संचार करता है।

अग्रसेन महराज की शोभायात्रा आज

बिलासपुर। महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, अनिल अग्रवाल ने बताया कि शाम 5 बजे घोंघा बाबा मंदिर से शुरू होने वाली 3 किमी से अधिक लंबी शोभायात्रा गोल बाजार चौक, तेलीपारा और पुराना बस स्टैंड चौक होते हुए अग्रसेन चौक पहुंचेगी। रास्ते में भक्ति संगीत और कर्मा नृत्य के साथ समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की कहानी झांकियों के जरिए सामने आएगी।

पुराना बस स्टैंड चौक से अग्रसेन चौक तक विशेष लाइटिंग से सजाया गया है। अग्रसेन चौक पर 11 पंडित वैदिक मंगलाचरण और महाआरती कराएंगे। ढोल-भजन की गूंज, छत्तीसगढ़ी कर्मा नृत्य की थिरकन, रोशनी से सजा रास्ता और सबसे आगे करीब 10 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान महाराजा अग्रसेन की आदमकद प्रतिमा रहेगी। इसके पीछे झांकियों में 'एक ईंट-एक मुद्रा' की सामाजिक समरसता दिखाई देगी तो कहीं नेपाल और केरल में किए गए सेवा कार्यों की तस्वीर। आगे स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों, शिक्षा-चिकित्सा, उद्योग-व्यापार और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली विभूतियों की गौरवगाथा दिखाई देगी। नेपाल और केरल में बाढ़ के दौरान किए गए राहत कार्यों की जीवंत झांकी होगी। आपदा के समय मदद का संदेश दिया जाएगा।

आकर्षक लाइटिंग से सजा मार्ग



सिक्स-ए-साइड क्रिकेट में 16 टीमों ने लिया हिस्सा

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी मे शुक्रवार को क्रिकेट का खुमार रहा।सिक्स-ए-साइड क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमों ने लिया हिस्सा, तीन-तीन ओवर की रही चुनौती और मैच जीतने की जुगत देखते ही बन रही थी। अग्रवाल नवयुवक समिति की ओर से सिक्स ए साईड क्रिकेट प्रतियोगिता खेल परिसर, बहतराई रोड, सरकंडा हुई। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का परिचय दिया। सरकंडा के बहतराई रोड स्थित खेल परिसर में रविवार को सिक्स-ए-साइड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान खेल भावना के साथ मैदान पर अपना प्रदर्शन किया। छोटे प्रारूप में आयोजित इस प्रतियोगिता में तीन-तीन ओवर के मैच खेले गए, जिससे मुकाबलों में तेजी और रोमांच बना रहा। सिक्स-ए-साइड क्रिकेट प्रतियोगिता में कम ओवरों के कारण खिलाड़ियों को सीमित समय में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिला। क्षेत्ररक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। हर टीम ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई। प्रतियोगिता में शामिल 16 टीमों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। इसके प्रायोजक तोरमलजी श्रीराम तुलस्यान, सुधा फायर सेफ्टी, मोहनलाल अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, श्रीराम ज्वेलर्स, अनिल अग्रवाल थे। वही आयोजक अनन्य बजाज, शरद मुरारका थे। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, महेश अग्रवाल नवीन जाजोदिया अमेश बुधिया नितिन बेरीवाल विनीत मित्तल और चंदन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

तीन-तीन ओवर की रही चुनौती



स्पोर्टस न्यूज

राज्यपाल ने किया 26वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट जूडो चैम्पियनशिप का शुभारंभ

जूडो सिखाता है साहस, आत्मसंयम और अनुशासन का पाठ

बिलासपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि जूडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि साहस, आत्मसंयम, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम है। यह विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और संतुलन के साथ चुनौतियों का सामना करना सिखाता है। विशेषकर बालिकाओं के लिए जूडो आत्मरक्षा और मानसिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है।

शुक्रवार को जिला खेल परिसर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं कैडेट जूडो चैम्पियनशिप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बालक-बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में बिलासपुर जूडो संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 16 जिलो से 240 खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक भाग ले रहे है। उन्होंने कहा कि खेल हमें प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना, जीत में विनम्र रहना और हार से सीखकर आगे बढ़ना



सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। आज राज्य स्तर पर प्रतिभा दिखाने वाले खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं सहित एशियाई खेलों और ओलंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीखकर आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। राज्यपाल ने कोंडागांव जिले की जूडो खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि योगिता मंडावी को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हेमवती नाग ने खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और ओपन नेशनल प्रतियोगिता में पदक हासिल किया है। वहीं रंजीता कोरेटी ने ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चौम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इन खिलाड़ियों की उपलब्धियां अन्य युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयास निरंतर जारी रखने की अपेक्षा की। सभी प्रतिभागियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल श्री डेका ने जूडो में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले हेमवती नाग, अभिषेक जायसवाल, कुमारी शारदा गोस्वामी और योगिता मंडावी को सम्मानित कर खिलाड़ियों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, जिला जूडो संघ के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, सचिव राजकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच मैनेजर मौजूद थे।





खेल मैदान से विकसित होते हैं अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास : साव

पूर्व क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में दरभंगा विजेता, उपविजेता बनी अटल विश्वविद्यालय की टीम

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि खेल का मैदान केवल खिलाड़ी तैयार नहीं करता, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करता है। जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है खेलना और अपनी प्रतिभा को निखारना।

श्री साव गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पूर्व क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने की। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर दूसरे, सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर तीसरे तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर चौथे स्थान पर रहे। अतिथियों ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। समारोह में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट की पूर्व कुलपति प्रो.नीलांबरी दवे, भारतीय विश्वविद्यालय संघ की अतिरिक्त सचिव श्रीमती ममतारानी अग्रवाल, ऑब्जर्वर प्रशांत राय तथा एशियन गेम्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकीं कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन समिति के सचिव प्रो.रत्नेश सिंह ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलसचिव प्रो.अश्विनी कुमार दीक्षित ने आभार व्यक्त और डॉ.एमएस धपोला ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

रीलबाजों को पुलिस ने सिखाया सबक

बिलासपुर। गरबा ड्रेस में लड़कियों द्वारा पिस्टल रखकर सिगरेट का धुंआ उड़ाते, बाइक में लड़कों के साथ स्टंट करने वालों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर गरबा ड्रेस में लड़कियों द्वारा पिस्टल रख सिगरेट का धुंआ उड़ाने का विडियो वायरल किया गया था, गुरूवार को हिंदू संगठन द्वारा एसएसपी से शिकायत की थी। शुक्रवार को पुलिस ने भारतीय संस्कृति के विपरीत, अशोभनीय और गलत चीजों के महिमामंडन करने के आरोप में जुर्म दर्ज किया और आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने 5 लड़की व 5 लड़के को हिरासत में लिया और इस दौरान पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बाउंडओवर जुर्माना किया है।

आर्म्स एक्ट मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। चकरभाठा के सरवानी गांव के मुख्य मार्ग में आने जाने वालों को चाकू दिखाकर धमकाने वाले आरोपी को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 8 अक्टूबर को सरवानी में एक आरोपी हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था। सूचना मिलने पर तत्काल आरोपी को हिरासत में लिया गया और उसके कब्जे से एक चाकू जब्त कर लिया । मामले में आरोपी लक्ष्मी प्रसाद साहू पिता नारायण साहू उम्र 32 वर्ष के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। इस प्रकार कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 9 अक्टूबर को गनियारी में एक व्यक्ति द्वारा चापड़ लहराकर लोगों को धमकी दी जा रही थी, पुलिस ने टीम गठित कर गनियारी में रेड मारी और आरोपी सूरज वर्मा उर्फ घोड़ा पिता स्व मित्र कुमार वर्मा उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के कब्जे से चापड़ जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस और राजस्व विभाग पर गाड़ियां पकड़ने का आरोप

कुम्हारों ने मांगी लिखित आदेश की कॉपी ताकि दिखा सकें

कुम्हारों ने खनिज विभाग घेरा, बोले छूट भी है और गाड़ियां भी पकड़ रहे

बिलासपुर। पारंपरिक तरीके से ईंट का निर्माण करने वाले स्थानीय कुम्हारों पर खनिज, पुलिस एवं राजस्व विभाग की धरपकड़ कर चालानी कार्रवाई के विरोध स्वरूप कुम्हारों ने बड़ी संख्या में खनिज विभाग का घेराव किया। उनकी मांग थी कि शासन के निर्देशानुसार कुम्हार समाज को परम्परागत संसाधनों से ईट निर्माण व परिवहन कार्य में खनिज नियमों एवं रॉयल्टी में छूट प्रदान की जावे।

कुम्हार समाज के लोगों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में खनिज विभाग का घेराव कर दिया। इस दौरान करीब तीस से चालीस की संख्या में खनिज विभाग पहुंचे कुम्हारों ने कहा कि जिले के लगभग प्रत्येक ग्राम, तहसील व कस्बा में कुम्हार समाज अपने पूर्वजों के समय से निवासरत हैं। कुम्हार समाज का पूरा परिवार पूर्व से ही मिटटी के बर्तन, दिया व परम्परागत तरीके व संसाधनों से ईंट का निर्माण करता चला आ रहा है ताकि परम्परागत व्यवसाय से वे अपना व अपने परिवार का जीवकोपार्जन कर सके।



खनिज विभाग का घेराव करते कुम्हार।

कुम्हारों का कहना है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण खनिज विभाग व स्थानीय प्रशासन को रॉयल्टी व जुर्माना शुल्क देने में असमर्थ हैं। उप संचालक खनिज के चेंबर में बड़ी संख्या में पहुंचे कुम्हारों ने समाज के पारम्परिक ईंट निर्माताओं को खनिज विभाग की कार्यवाही व रॉयल्टी से छूट प्रदान करते हुए स्थानीय स्तर पर मिट्टी निकालने, ईंट निर्मित करने व पकाने एवं परिवहन की अनुमति में भी छूट प्रदान करने की छूट मांगी है ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

मानसिक रूप से किया जा रहा परेशान

कुम्हारों का कहना है कि उनका समाज पूर्णतः स्वयं की निजी भूमि, लीज, या फिर शासकीय भूमि से मिट्टी निकालकर, पारम्परिक संसाधनों से ईट का निर्माण करते आ रहे हैं। इस दौरान वे पारम्परिक भट्ठी व हाथ भट्ठी से ईंट निर्माण करते हैं, लेकिन खनिज विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा परम्परागत तरीके से ईंट निर्माण करने वाले कुम्हारों पर भी अन्य ईंट भट्ठा मालिको की भांति खनिज नियमों, रॉयल्टी व परिवहन पास की अनिवार्यता लागू की जा रही है। ऐसे में कुम्हार समाज को मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। जबकि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 03 के अनुसार परम्परागत कुम्हारो को मिट्टी निकालकर ईंट व बर्तन के निर्माण हेतु अनुमति प्रदान की गई है।

पुलिस से शिकायत है

कुम्हार समाज के लोग अपनी समस्या लेकर आए थे, लेकिन उनकी समस्या खनिज विभाग को लेकर नहीं थी। उनकी शिकायत राजस्व एवं पुलिस विभाग से थी। उनका कहना था कि उनकी गाड़ियां पकड़कर जुर्माना लगाया जा रहा है। स्थानीय कुम्हारों को तो वैसे भी जीविकोपार्जन के लिए ईंट व पारंपरिक कार्य करने की छूट मिली हुई है। वे अपना काम करते रहें।

-किशोर कुमार गोलघाटे,
उपसंचालक खनिज विभाग

14 तक थमे रहेंगे इतवारी, टाटा दूरंतो सहित 12 ट्रेनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर होकर चलने वाली इतवारी-टाटा एक्सप्रेस, दूरंतो सहित करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनों के पहिए को 14 अक्टूबर तक रोकने का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर तक दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा केबिन ए से राउरकेला सेक्शन के बीच पांचवीं लाइन कमीशनिंग का कार्य शुरु हो रहा है।

इस कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य अलग-अलग चरणों में करने के कारण दूसरे जोन के साथ बिलासपुर, रायपुर और नागपुर की ट्रेनों को भी रद्द करने का आर्डर दिया गया है। इसमें बिलासपुर होकर चलने वाली ट्रेनों में 11, 12 व 13 अक्टूबर को 18109/18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस, 11, 12 व 13 अक्टूबर को 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 12, 13 व 14 अक्टूबर को 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 12 अक्टूबर को नांदेड़ से रवाना होने वाली 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को हटिया से रवाना होने वाली 18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को दुर्ग से रवाना होने वाली 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस, 9 अक्टूबर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को बक्सर से रवाना होने वाली 22844 बक्सर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस, 12 अक्टूबर को एलटीटी से रवाना होनें वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को हावड़ा से रवाना होने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को सीएसएमटी से रवाना होने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस शामिल है। वहीं 12 अक्टूबर को पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब के रास्ते योगनगरी ऋषिकेश रवाना की जाएगी।

सारनाथ के साथ अब नौतनवा भी रोकी जाएगी मैहर में 11 से

सारनाथ एक्सप्रेस के साथ अब नवरात्रि के अवसर पर नौतनवा एक्सप्रेस का स्टापेज भी पांच मिनट के लिए मैहर में दिया जाएगा, जो 11 से 22 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं को मैहर स्टेशन में उतरने की सुविधा देगी। डोंगरगढ़ के बाद रेल प्रशासन ने अब मैहर मां शारदा मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक ट्रेन का स्टापेज देने का आदेश दिया है। अब तक केवल दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का मैहर में स्टापेज था, जिसके कारण यात्रियों की ट्रेन में काफी भीड़ रहती थी। नवरात्रि पर्व के 9 दिन डोंगरगढ़ के अलावा मां शारदा मंदिर मैहर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी अधिक रहती है। इन दोनों तीर्थ स्थल के लिए यात्री पहले से बुकिंग कर लेते हैं, लेकिन अचानक प्लान बनाने वाले लोगों को कंफर्म टिकिट नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ती है। रेल प्रशासन ने नवरात्रि के अवसर पर 11 से 22 अक्टूबर तक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के मैहर स्टेशन में दुर्ग से नौतनवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का पांच मिनट के लिए स्टापेज देने का निर्णय लिया है। 9 दिन की अवधि में 18202 नौतनवा से दुर्ग आने वाली एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में देर रात 1 बजकर 55 मिनट से 2 बजे तक और 18201 दुर्ग से उसलापुर आकर नौतनवा जाने वाली एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में सुबह 5.35 बजे से 5.40 बजे तक रोकी जाएगी।



अवैध निर्माण से इमलीपारा में बने काम्प्लेक्स को खतरा

निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर बोरिंग और खोदाई, नोटिस जारी

बिलासपुर। इमलीपारा में बन रहे एक नए काम्प्लेक्स ने निगम कीं दुकानों के बेसमेंट के लिए खतरा पैदा कर दिया है।इस माधव पटेल के निर्माणकर्ता ने अपनी दुकानों के लिए निगम से नक्शा तो पास कराया है लेकिन उसके विरुध्द निर्माण किया जा रहा है।



निगम ने मामले में उसे नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि निगम की भूमि पर अतिक्रमण कर बोरिंग की जा रही है तो सड़क को खोद दिया गया है।निगम ने तत्काल काम रोकने के साथ ही दस्तावेजों के साथ निर्माणकर्ता को निगम में पेश होने कहा है। दरअसल इमलीपारा में निगम ने 80 फिट चौड़ी सड़क बनाई है। दोनों तरफ नालियों के साथ ही 40-40 फिट की सड़क की चौड़ाई है।इस खसरा नंबर 428 के भाग में निगम की कुल 28 दुकानें बनीं हैं। इसी के पीछे निगम की और भी जमीन है। इसके साथ माधव पटेल की निजी भूमि है। उसकी यहां पहले कुछ दुकानें बनीं हुईं थीं। इन्हें तोड़कर वह यहां एक काम्प्लेक्स बनवा रहा है। इसके लिए उसने निगम से नक्शा पास करवाया है। इसके बाद लेकिन निगम की नोटिस के मुताबिक वह नक्शे के विरुध्द निर्माण कर रहा है। दुकान बनाने के लिए जो खुदाई की जा रही है वह निगम की जमीन पर से हो रही है। इसके साथ ही निगम द्वारा बनाई गई सड़क को भी खोद दिया गया है। यहां 11 फिट चौड़ा और 50 फिट लंबी सड़क की खोदाई कर पूरी सड़क को तोड़ दिया गया है। इसके साथ ही निगम की जमीन पर बोरिंग भी कर दी गई है।निगम अधिकारियों ने बताया कि इमलीपारा में जो निगम ने नया काम्प्लेक्स बनवाया है उसके बेसमेंट को भी इस खोदाई से खतरा हो गया है।

स्कूटी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

बिलासपुर। नूतन चौक में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ऑटो से उतरने के दौरान तेज रफ्तार स्कूटी ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। सरकंडा पुलिस के अनुसार सरकंडा स्थित अटल आवास निवासी धांधू कुर्मी 65 वर्ष शुक्रवार को किसी काम से ऑटो में सवार होकर जा रहे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे नूतन चौक के पास ऑटो से उतर रहे थे, इस दौरान एक तेज रफ्तार स्कूटी में सवार युवक और युवती सवार ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए सिम्स अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को के लिए मरच्यूरी में रखवा दिया गया। पुलिस के अनुसार फिलहाल पीएम नहीं कराया जा सका है, लेकिन अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

क्रशर मिल से चोरी, दो आरोपी जेल भेजे गए

बिलासपुर। क्रशर मिल से लोहे के उपकरण चोरी करने वाले चोरों को पकड़ने में कोटा पुलिस ने सफलता पाई है। आरोपियों को पुलिस ने जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार गोयल क्रशर उद्योग के संचालक राजकुमार पिता मुरारी लाल गोयल ने 11 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात बाकीघाट कोटा में स्थित गोयल क्रशर उद्योग में अज्ञात चोरों ने जैपलेट, रोलर, क्रशर का साप्ट,जाली का साप्ट,जाली, टाइगर प्लेट, जाली कवरिंग, साइट प्लेट व अन्य उपकरणों की चोरी कर ली है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की इस दौरान 3 आरोपियों को पकड़ा लिया गया लेकिन 2 आरोपी फरार थे। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने 9 अक्टूबर को फरार आरोपी संजू शिकारी पिता भरत लाल उम्र 20 वर्ष और झोल्टू उर्फ राहुल शिकारी पिता तुलसी राम शिकारी उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

कमर्शियल सिलेंडर का खौफ हितग्राही कराने लगे केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलपीजी कंपनियों ने बगैर केवायसी वाले ग्राहकों को 14 किलोग्राम वाले सब्सिडी युक्त एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग व डिलीवरी बंद कर दी है। ऐसे में कमर्शियल सिलेंडर का खौफ अपना काम करने लगा है। लिहाजा बड़ी संख्या में ग्राहक केवायसी के लिए अपनी गैस एजेंसियों में संपर्क करने लगे हैं।

एलपीजी के ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने अब तक अपना केवायसी नहीं कराया है, उनके लिए बगैर सब्सिडी वाले 5 व 10 किलोग्राम वाले कमिर्शिलय सिलेंडर पाने का विकल्प तो खुला है, लेकिन सब्सिडी युक्त 14 किलोग्राम वाले सिलेंडरों के लिए फिलहाल रास्ते बंद कर दिए गए हैं। पिछले डेढ़ साल से केवायसी के लिए तारीख पर तारीख बढ़ाने के बाद आखिरकार एलपीजी कंपनियों ने कड़ा रूख अपनाया और बगैर केवायसी वाले ग्राहकों के लिए बुकिंग की व्यवस्था ही समाप्त कर दी है। ऐसे ग्राहकों के सामने अब केवल एक ही विकल्प है कि वे अपना चूल्हा जलाने बाजार में उपलब्ध पांच व दस किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल कर सकते हैं। आईओसीएल के अनुसार इस कड़ाई के बाद ग्राहकों में केवायसी को लेकर खासी जागरूकता आई है। सारी कंपनियों को मिलाकर डेढ़ से दो सौ आवेदन रोज ही आ रहे हैं।

जागरुक हो रहे लोग

बगैर केवायसी के बुकिंग व डिलीवरी प्रतिबंधित होने एवं ऐसे ग्राहकों के लिए कमर्शियल सिलेंडर ही एकमात्र विकल्प सामने होने के कारण अब वे केवायसी के लिए जागरूक होने लगे हैं। बड़ी संख्या में केवायसी के लिए आवेदन प्राप्त होने लगे हैं।

-हेमप्रकाश साहू, नोडल अधिकारी आईओसीएल





खबर संक्षेप

15 वार्डों में विकास कार्यों के लिए साढ़े 4 करोड़ स्वीकृत

तखतपुर। नगर पालिका क्षेत्र के कुल 15 वार्डों में बुनियादी विकास कार्यों के लिए विधायक धर्मजीत सिंह के द्वारा 4 करोड़ 54 लाख रुपए की राशि को स्वीकृति प्रदान कराई गई है। जिससे अब नगर क्षेत्र के 15 वार्ड के विभिन्न गली मोहल्ले में छोटे-बड़े कई विकास कार्य संपन्न होंगे। जिसमें महाराणा प्रताप चौक सौदर्याकरण कार्य के लिए 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि अगले सत्र में फिर जैसे ही वार्ड की आवश्यकता महसूस होगी, इसी तरह के छोटे बड़े कार्यो के लिए और भी राशि भी स्वीकृत कराई जाएगी। तखतपुर नगर बुनियादी सुविधाओं से लबालब रहे यही उनका उद्देश्य और लक्ष्य है। विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।



जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में डीएवी गोढ़ी के खिलाड़ियों ने जीते पदक



बिल्हा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी के विद्यार्थियों ने जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने जूडो एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंकित ने जूडो में स्वर्ण पदक, बादल और श्रेष्ठ ने जूडो में रजत पदक तथा धनवीर ने जूडो में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं शिवम सिंह ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी नेशनल लेवल खेल प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए मेडल देकर सम्मानित किया।

सुमन ने रचा इतिहासः कुराश में जीता गोल्ड अब नेशनल में करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व



कोटा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा की कक्षा 10वीं की छात्रा सुमन केरकेट्टा ने 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में इतिहास रच दिया है। बलौदाबाजार में आयोजित प्रतियोगिता में सुमन ने कुराश खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर पूरे कोटा ब्लॉक और बिलासपुर जिले का नाम रोशन किया है।इस जीत के साथ सुमन अब राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी।सुमन की इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ और छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। गोल्ड मेडलिस्ट सुमन का फूल-माला और ट्रॉफी से स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य रूप से एसडीएम कोटा सीमा पोर्ते, तहसीलदार, बीईओ कोटा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। एसएमसी अध्यक्ष सुलेश पांडेय, प्राचार्य आशा दत्ता, प्रभारी प्राचार्य अर्पणा लाल, कमल आहूजा, मोहन कोरी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। एसडीएम सीमा पोर्ते ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सुमन की यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम बाबू गुप्ता ने किया।

सर्व सेन श्रीवास समाज का बैठक सदस्यों की गणना करने का प्रस्ताव पारित



मुंगेली। सर्व सेन श्रीवास समाज का बैठक सर्व सेन श्रीवास भवन में जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास के नेतृत्व में रखा गया। जिसमें समाज का तीनो ब्लाक लोरमी, पथरिया, सेतगंगा, एवं ग्रामीण के सभी सामाजिकजन शामिल हुए। बैठक में विशेष सदस्यता अभियान चलाने एवं समाज के सदस्यों की गणना करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में समाज की विकास को देखते हुए विशेष सदस्यता अभियान मुंगेली जिला में चलाई जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके साथ–साथ मुंगेली जिला की सर्व सेन श्रीवास समाज के सदस्यों की संख्या गणना सर्वे किया जाएगा, ताकि समाज का कुल संख्या जिला में क्या है, यह जानकारी उपलब्ध होगा एवं अनावश्यक खर्च रोकने व समाज के सदस्यों को जिला सर्व सेन नाई समाज के ग्रुप में जोड़ने व सेलून संघ नियुक्ति, महिला प्रकोष्ठ की नियुक्ति एवं सर्व सेन श्रीवास भवन मुंगेली में प्रथम तल निर्माण के विषय में विशेष चर्चा की गई। जिसमे जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास, अध्यक्ष कन्नौजिया श्रीवास समाज मुकेश श्रीवास, सीताराम, मोहन, रमेश, चंद्रकुमार, गोलू श्रीवास, कार्तिक राम, मेलाराम, अनिल, सोनू, सत्रेहन, राजेंद्र, टिकेश्वर, अशोक, गणेश, संतोष, भोला, रामजी, सुशील, प्रमेंद, चंद्रेश, जितेंद्र, गिरजा शंकर, ओम प्रकाश, महेश, दीपक, रामाधार, परमेश्वर, परसोत्तम, रामेश्वर, मोहित, बलराम, प्रतीक, आशुतोष, दुर्गेश, द्वारिका आदि मौजूद थे।

छोटा हाथी से टक्कर के बाद सड़क पर गिरा युवक, पुलिस जांच में जुटी

पेंड्रा में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

- गौरेला से लौटते समय सड़क पर गिरने से बाइक सवार के सिर पर आई गंभीर चोट, नहीं मिला बचने का समय



हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

गौरेला-पेंड्रा मुख्य मार्ग पर पेंड्रा के नए बस स्टैंड के आगे शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरेला के ज्योतिपुर निवासी आशीष माइकल के रूप में हुई है।

हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।जानकारी के अनुसार, आशीष माइकल बाइक से अमरपुर गया था, जहां वह रिवॉल्विंग चेयर की मरम्मत करने के बाद गौरेला लौट रहा था। इसी दौरान पेंड्रा के नए बस स्टैंड के आगे विपरीत दिशा से आ रही छोटा हाथी मैजिक गाड़ी से उसकी बाइक की टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, बाइक सवार वाहन की साइड से टकराने के बाद सड़क पर गिर गया। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

भाई ने बताया, काम से लौटते वक्त हुआ हादसा

मृतक के भाई ने बताया कि आशीष अमरपुर में रिवॉल्विंग चेयर की मरम्मत करने गया था। वहां से वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बाइक और छोटा हाथी मैजिक वाहन के बीच टक्कर होने के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बढ़ते सड़क हादसों से लोगों में नाराजगी

गौरेला-पेंड्रा मुख्य मार्ग पर हुए इस हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।



गौरेला में सजी ग्रेट म्यूजिकल नाइट सुरों के दिग्गजों को दी गई स्वरांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

नगर में संगीत प्रेमियों के समूह रियल म्यूजिक लवर्स गौरेला द्वारा 'ग्रेट म्यूजिकल नाइट' एवं 'स्वर श्रद्धांजलि' कार्यक्रम का आयोजन 8 अक्टूबर 2026 को मिश्री देवी स्कूल परिसर, गौरेला में किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संगीत जगत के महान गायक-गायिकाओं की अमर संगीत विरासत को याद करते हुए उन्हें भावभीनी स्वर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाम 6 बजे से आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

- कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, संगीत प्रेमियों ने उठाया गीत-संगीत का आनंद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद निलेश साहू, पार्षद मनोज विश्वकर्मा, संतोष सोनी, आलोक शुक्ला तथा मिश्री देवी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती शर्मा सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।कार्यक्रम के दौरान महेंद्र कपूर, लता मंगेशकर, एस.पी. बालासुब्रमण्यम एवं यश चोपड़ा जैसे संगीत जगत के दिग्गजों की याद में स्वर श्रद्धांजलि प्रस्तुत की गई। गायकों ने अपनी सुरीली आवाज और शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गीत-संगीत से सजी शाम में दर्शकों ने पुराने सदाबहार गीतों का भरपूर आनंद लिया और संगीत की स्वर्णिम यादों को फिर से जीवंत किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुजा श्रीवास्तव एवं सिल्विया गिरि ने किया। अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और सहज संचालन से उन्होंने कार्यक्रम को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाए रखा। इस आयोजन के संयोजक एवं रियल म्यूजिक लवर्स गौरेला के आयोजक संजय राजपूत रहे। कार्यक्रम में रमेश प्रधान, संजय राजपूत, शनि श्रीवास्तव, अभिजीत पाठक, पंकज जैन, प्रदीप वैष्णव, साजन पाठक, ऋषभ प्रधान, कीर्ति खुसरो, रुपेश गुप्ता, प्रिया बर्मन, चित्ररेखा, श्रीमती सिल्विया गिरि, श्रीमती पूजा पाठक, श्रीमती आकांक्षा तिवारी एवं अनन्या शर्मा ने अपनी मनमोहक संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

जीपीएफ खातों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगेगा 2 दिवसीय शिविर

मुंगेली। शासकीय कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खातों से संबंधित समस्याओं के निराकरण एवं अभिलेखों के अद्यतन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट स्थित जिला कोषालय में 12 से 14 अक्टूबर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जीपीएफ से संबंधित विभिन्न लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी दुर्गेश सिंह राजपूत ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष से संबंधित मामले, लंबे समय से निष्क्रिय खातों से संबंधित प्रकरण, जीपीएफ खाते में जमा नहीं दर्शाई गई अथवा संबंधित अभिलेखों में दर्ज नहीं हो पाई।

दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजनाः पंजीयन 31 तक

मुंगेली। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष राज्य दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है। योजना के अंतर्गत कक्षा 01 से 12वीं तक नियमित रूप से अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिए शैक्षणिक सत्र 2026 के पात्र विद्यार्थियों को 31 अक्टूबर 2026 तक नेशनल स्कालरशिप पोर्टल (एनएसपी) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। जिन दिव्यांग विद्यार्थियों का आवेदन अभी तक नहीं हुआ है, वे निर्धारित समय–सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

दुर्गा पंडाल के सामने शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया

मरवाही। नवरात्रि पर्व को देखते हुए दुर्गा पंडाल के सामने शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण की बेदखली आदेश जारी कर राजस्व विभाग के द्वारा हटाया गया है। तहसीलदार अविनाश कुजूर में जानकारी देते हुए बताया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में दुर्गा पंडाल समिति के सामने छोटा सा घेरा लगाकर खसरा नंबर 368/1 रास्ता मद की तीन डिसमिल शासकीय जमीन पर अवैध आक्रमण किया गया था। इस संबंध में न्यायालय तहसीलदार एवं एसडीएम कार्यालय में मामला चल रहा था। कुछ दिनों पूर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही के द्वारा स्थगन हटाया गया था। संबंधित पक्ष को नोटिस देकर अवैध अभिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन आदेश का पालन नहीं करने के कारण सख़्ती से अतिक्रमण को हटाया गया है। आगे भी अवैध कब्जा हटाया जाएगा एवं उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अवैध कब्जा हटाते समय कुछ लोगों के द्वारा विवाद की स्थिति उत्पन्न करने की कोशिश की गई थी।



कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

पथरिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 8 अक्टूबर को देशभर में मनाए जा रहे 'ब्लैक डे' का असर मुंगेली जिले में भी दिखाई दिया। पथरिया ब्लॉक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपना आक्रोश दर्ज कराया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता का मुद्दा उठाया, वहीं मुंगेली जिले की बिजली समस्या सहित स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर भी सरकार को घेरा।



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना और सरकार तथा संवैधानिक संस्थाओं से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की आवाज को दबाने के बजाय उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष मुकेश मिरी, दिलीप कौशिक एवं अन्य नेताओं ने बिजली कटौती, बिजली आपूर्ति की समस्या और आम उपभोक्ताओं की परेशानियों को भी प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, मुकेश मिरी, दीपक गुप्ता, तारिणी विश्वकर्मा, जागेश्वरी वर्मा, उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा, हेमिन मंगेशकर, मनीष त्रिपाठी, विद्यानंद चंद्राकर, दिलीप बंजारा, तनिष कुर्रे, आशुतोष पांडे, गुरमीत बग्गा, त्रिलोकी वर्मा आदि मौजूद थे।

बीईओ ने किया आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण, नदारद शिक्षकों को नोटिस

पथरिया। विकास खण्ड के विभिन्न शलाओ में विभागीय योजनाओं के शतप्रतिशत क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पथरिया विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई शुक्रवार को क्षेत्र के 8 प्राथमिक, मिडिल हाईस्कूल एवं हायरसेकंडरी स्कूलों का निरीक्षण किया जिसमे ग्राम भरेवा, सिलदहा, बेलखुरी, सकेरी, पथरगढ़ी, सोढ़ी शामिल है। यहां स्थित शालाओं का निरीक्षण कर संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । ग्राम सकेरी प्राथमिक शाला के प्रभारी एवं शिक्षकों के विरुद्ध ग्रामीणों के शिकायत पर जांच की गई जहां प्रभारी से जवाब लिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकों की डेली डायरी की जांच की गई एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन खिलाने, निर्देशित किया गया।



सिलदहा प्राथमिक शाला के निरीक्षण दौरान कक्षा 1 ली के अनिमेष राजपूत और दूसरी के मयंक राजपूत और समर ने धारा प्रवाह 25 तक का पाहड़ा सुनाया, जिसे सुनकर बीईओ मण्डलोई ने उन्हें पुरुस्कृत करने की बात कही।

स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त ग्रामीणों ने बताई समस्या

मुंगेली। बिजली के बढ़े हुए बिलों और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त ग्रामीणों ने शुक्रवार को अपनी समस्याओं को लेकर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके घरों में अनाप–शनाप और भारी–भरकम बिजली बिल आ रहे हैं, जिससे आम जनता की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी इस गंभीर समस्या से पार्टी अध्यक्ष को अवगत कराया। पार्टी अध्यक्ष ने बिजली अधिकारियों से बात कर समस्या की जानकारी ली। अधिकारियों ने बिजली बिल एवं मीटर रीडिंग की जांच कर मामले का निराकरण करने की बात कही है।



ग्रामीणों ने बताया कि पारंपरिक मीटरों के मुकाबले स्मार्ट मीटर बहुत तेजी से रीडिंग दिखा रहे हैं, जबकि बिजली की खपत में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। कई उपभोक्ताओं के ऐसे बिल आए हैं जो उनकी मासिक आय से भी अधिक हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के सामने भरण–पोषण का संकट खड़ा हो गया है। कार्यालय में मौजूद पार्टी अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने ग्रामीणों की सभी बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि जनता की इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकाला जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्यवाही करने तथा गलत बिलों की जांच कराकर उन्हें ठीक कराने की बात कही। इस अवसर पर बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा बिजली बिल एवं मीटर रीडिंग की जांच कर मामले का निराकरण करने की बात कही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय पाटएँ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्राम पण्डरभट्ठा से ग्रामीण कार्यकर्ता बिजली की शिकायत को लेकर कार्यालय पहुंचे थे, शिकायत सुनने के बाद संबंधित अधिकारी को बुलाकर समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए।

–**दीनानाथ केशरवानी**, अध्यक्ष, जिला भाजपा मुंगेली

बोइरपारा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव असफल



लोरमी। विकासखंड के ग्राम बोइरपारा सरपंच ज्ञानेश्वर सिंह छतरी के खिलाफ 9 पंचो द्वारा विश्वास प्रस्ताव लाने शासन को ज्ञापन सौपा था, जिस पर 9 अक्टूबर को ग्राम में विधिवत वोटिंग प्रक्रिया तहसीलदार छाया अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार नव पंचों के द्वारा वर्तमान सरपंच ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिस पर 9 अक्टूबर को वोटिंग प्रक्रिया में एक भी पंचों ने हिस्सा नही लिया। इस प्रकार सरपंच ज्ञानेश्वर सिंह के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुरी तरह से विफल हो गया। ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि ग्राम के पंचों को मेरे खिलाफ भड़काने की साजिश की गई थी,जो बुरी तरह से विफल रही। गांव के विकास के लिए काम करता रहूंगा।

नर्मदा परिक्रमा के बाद गौरेला पहुंचे श्रद्धालु नगरवासियों ने किया अभिनंदन

गौरेला। नर्मदा परिक्रमा की पावन यात्रा पूर्ण कर सकुशल लौटे राधेमोहन रामायण समिति के सदस्यों का गौरेला में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। 15 दिनों की इस धार्मिक यात्रा के समापन के बाद अमरकंटक में पूजन-अर्चन कर श्रद्धालु गौरेला पहुंचे, जहां नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा सहित नगरवासियों ने उनका स्वागत किया।



नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर लौटे समाजसेवी मथुरा सोनी ने यात्रा के दौरान हुए धार्मिक अनुभवों एवं महत्वपूर्ण पड़ावों का यात्रा वृतांत साझा किया। उन्होंने यात्रा के अनुभव बताते हुए नर्मदा मैया की महिमा, आस्था और आध्यात्मिक अनुभूति का वर्णन किया। यात्रा से लौटे सदस्यों के प्रति लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सकुशल आगमन पर शुभकामनाएं दीं।इस धार्मिक यात्रा के सफल आयोजन एवं व्यवस्थाओं में सीताराम तिवारी, मोहन गुप्ता और मंजू नामदेव का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से यात्रा से जुड़े कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।सभी नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने पहुंचे नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा, कौशलमणि तिवारी चकाचक महराज, भगत मेथवानी, अजीत गहलोत, तपस शर्मा, रविंद्र पांडेय, मौसम ताम्रकर, दिनेश गुप्ता, प्रणय सोनी, सुमित श्रीवास सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनों ने सभी का स्वागत किया और मीठा आतिशबाजी कर ख़ुशी ज़ाहिर की।

रोजगार से जुड़े मुद्दों का युवाओं पर पड़ता है सीधा असर

यूजीसी नियमों के विरोध में लोगों में आक्रोश, जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



यूजीसी नियमों के विरोध में नगर के विभिन्न समाज की बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों पर जताया आक्रोश। नगर में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी से जुड़े प्रस्तावित प्रावधानों एवं शिक्षा नीतियों को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में सुरेश ठाकुर ने कहा कि, शिक्षा और रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों का सीधा प्रभाव देश के लाखों युवाओं के भविष्य पर पड़ता है, इसलिए ऐसे विषयों पर व्यापक चर्चा एवं जनभागीदारी आवश्यक है।

बैठक को संबोधित करते हुए विनोद तोलानी ने कहा कि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी पहले से ही रोजगार एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उनका आरोप था कि यूजीसी के नए प्रावधानों से उनकी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। चंद्रकांत द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को सामान्य वर्ग का व्यापक समर्थन प्राप्त रहा है, किंतु इसके बावजूद समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप निर्णय नहीं लिए जा रहे हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। बैठक में उपस्थित काशी अग्रवाल, पवन गुप्ता, संकेत सामुएल, गुलजीत खुराना सहित अन्य ने विचार रखते हुए केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी से संबंधित प्रस्तावित नियमों एवं प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था में ऐसे सुधार लागू किए जाएं, जो सभी वर्गों के विद्यार्थियों एवं युवाओं को समान अवसर प्रदान करें। रोहन सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लिए जाने वाले किसी भी निर्णय में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सभी पक्षों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विषय की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा तथा लोकतांत्रिक और संवैधानिक माध्यमों से अपनी मांगों को शासन एवं नीति-निर्माताओं तक पहुंचाया जाएगा। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर, सामाजिक न्याय तथा युवाओं के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का संकल्प लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के सांसद, विधायक को तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

मल्हार में अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई जोरों पर



मल्हार। ऐतिहासिक और पुरातात्विक नगरी मल्हार को उसके मूल स्वरूप में लौटाने और नगर को सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने कमर कस ली है।

नगर पंचायत मल्हार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनुभव सिंह के नेतृत्व में इन दिनों पूरे नगर मे अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई जोरों पर चल रही है। सालों से सड़कों और सार्वजनिक जमीनों पर काबिज अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन का पीला पंजा लगातार गरज रहा है। सीएमओ अनुभव सिंह ने बताया कि मल्हार एक ऐतिहासिक नगरी है, जहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। सालों से किए गए अवैध कब्जों के कारण शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही थी और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मल्हार की ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप उसे सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना है।